

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 121 | ग्वालियर शुक्रवार, 17 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### श्मशान घाट की पार्किंग में हुई निक्की यादव की हत्या



**नई दिल्ली।** निक्की यादव हत्याकांड में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक अहम खुलासा किया है. पुलिस का दावा है कि निक्की यादव की हत्या राजधानी दिल्ली के निगमबोध श्मशान घाट की पार्किंग में की गई थी. ये खुलासा आरोपी साहिल गहलोत ने पूछताछ के दौरान किया है. इतना ही नहीं आरोपी साहिल गहलोत ने ये भी दावा किया है कि उसने निक्की की हत्या 10 फरवरी की सुबह 8 और 9 बजे के बीच में की थी जिसके बाद वो अपनी सफेद रंग की वरना गाड़ी में अगली सीट पर ही निक्की यादव की डेड बॉडी को लेकर मित्राओं गांव में कैर रोड पर स्थित अपने ढाबे तक लेकर पहुंचा था.

**51 किलोमीटर है निगम बोध घाट से ढाबे की दूरी**–साहिल गहलोत के इस खुलासे ने कहीं ना कहीं दिल्ली पुलिस पर भी सवालिया निशान खड़े किए हैं, क्योंकि जब हमने गूगल मैप पर निगमबोध घाट से मित्राओं गांव स्थित ढाबे की दूरी चेक की तो वह 51 किलोमीटर दर्शाई गई. साथ ही दूरी तय करने का समय 1 घंटा 51 मिनट दर्शाया गया. यानी दिन के उजाले में साहिल गहलोत निक्की के शव को अपनी गाड़ी की अगली सीट पर लेकर राजधानी दिल्ली में 51 किलोमीटर तक बेखौफ घूमा. इस दौरान कहीं पर भी उसकी गाड़ी को रोका नहीं गया.

**उसी शाम शादी भी की**–साहिल गहलोत ने पुलिस के सामने ये भी बताया कि उसने सुबह निक्की की हत्या की. फिर उसके शव को अपने ढाबे के फ्रिज में छुपाया और शाम को उसने बहादुरगढ़, हरियाणा में जाकर शादी भी की. इस दौरान उसके चेहरे पर कहीं पर भी इस तरीके का कोई शिकन नहीं दिखा कि उसने हत्या जैसे गंभीर अपराध अंजाम दिया है. उसने अपने आपको इतना नॉर्मल दिखाया कि किसी को ये आभास तक नहीं हुआ कि साहिल किसी की हत्या करके आया है.

### त्रिपुरा में दोपहर 3 बजे तक 69.96 प्रतिशत मतदान




**नई दिल्ली।** त्रिपुरा में दोपहर 3 बजे तक 69.96 प्रतिशत मतदान, चुनाव आयोग ने कांग्रेस-बीजेपी को भेजा नोटिस त्रिपुरा के एडीएम और कलेक्टर सुमित लोध ने कहा कि काकराबान विधानसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र पर हाथापाई की सूचना मिली. सेक्टर मजिस्ट्रेट ने मामले की जांच की. मामला दर्ज, स्थिति नियंत्रण में है. पूर्व सीएम बिप्लब देब ने गोमती में वोट डाला है. उन्होंने कहा कि त्रिपुरा लंबे समय से अंधेरे में था. आज युवा आशान्वित है, महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान है और बुजुर्गों ने भरोसा दिखाया है. पहले यह गायब था. लोग आज अपने भविष्य के लिए निर्णय ले रहे हैं. पीएम मोदी के नेतृत्व में, यहां एक बार फिर बीजेपी बहुमत से सरकार बनाएगी. मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने त्रिपुरा कांग्रेस और बीजेपी को नोटिस भेजा है. दोनों दलों ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अपने आधिकारिक हैंडल से अपने पक्ष में वोट की अपील की है.

### मुनाफावसूली के चलते ऊपरी लेवल से गिरा शेयर बाजार




**नई दिल्ली।** ग्लोबल संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के शानदार तेजी के साथ खुला था. पूरे दिन बाजार में तेजी बनी रही. लेकिन बाजार बंद होने से पहले निवेशकों के मुनाफावसूली के चलते बाजार ने अपनी बढ़त गवां दी जिसके चलते बाजार लाल निशान में भी आ गया. सेंसेक्स अपने हाई से 360 अंक नीचे आ गया तो निफ्टी हाई से 100 प्लाइँट नीचे आ गया. आज का कारोबार खत्म होने पर सेंसेक्स 44 अंकों की मामूली तेजी के साथ 61,319 तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 20 अंकों की तेजी के साथ 18,035 पर बंद हुआ है. आज के ट्रेडिंग सेशन में बैंकिंग, ऑटो, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में जहां गिरावट रही वहीं आईटी, ऑयल एँड गैस, हेल्थकेयर, इंफ्रा, एनर्जी, मेटल्स सेक्टर में तेजी रही. निफ्टी का आईटी इंडेक्स 1.62 फीसदी या 500 अंकों की तेजी के साथ 31,434 अंकों पर बंद हुआ है. मिडकैप और स्मालकैप शेयरों में भी तेजी देखने को मिली. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 14 शेयर तेजी के साथ तो 16 गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 27 तेजी के साथ तो 23 गिरकर बंद हुए. आज के कारोबार में ओएनजीसी 5.69 फीसदी, टेक महिंद्रा 5.49 फीसदी, ओपोलो हॉस्पिटल 3.46 फीसदी, डिविज लैब 1.91 फीसदी, नेस्ले 1.91 फीसदी, टाटा स्टील 1.54 फीसदी, अडानी पोर्ट्स 1.43 फीसदी, कोल इंडिया 1.20 फीसदी, टीसीएस 1.06 फीसदी, अडानी इंटरप्राइजेज 0.98 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. गिरने वाले शेयरों में बीपीसीएल 1.65 फीसदी, एचडीएफसी लाइफ 0.87 फीसदी, एचयूएल 0.84 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.81 फीसदी, बजाज फाइनैंस 0.81 फीसदी, आईशर मोटर्स 0.67 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

# पीएम मोदी का राजस्थान पर फोकस

# 20 दिनों में तीसरा कार्यक्रम

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण को भारत के लिए महत्वपूर्ण दायित्व बताते हुए गुरुवार को कहा कि यह हमारी साझी जिम्मेदारी है. साथ ही उन्होंने कहा कि हमें देशवासियों में जल संरक्षण के मूल्यों के प्रति फिर से प्राचीन आस्था पैदा करनी होगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमें हर उस विकृति को भी दूर करना होगा जो जल प्रदूषण का कारण बनती है. पीएम ने कहा राजस्थान के आबूरोड में ब्रह्माकुमारी संस्थान के जल जन अभियान की शुरुआत को लेकर आयोजित कार्यक्रम को डिजिटल तौर पर संबोधित करते हुए यह बात कही. दरअसल ये राजस्थान में पीएम का तीसरा कार्यक्रम हैं. पीएम 28 जनवरी से ही राजस्थान में कार्यक्रम कर रहे हैं. साल 2023 के शुरुआत के दो महीनों के अंदर ही यहां ये पीएम का 3 कार्यक्रम है. कांग्रेस शासित इस राज्य में 2023 के आखिर में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं. माना जा रहा है इसे लेकर बीजेपी का यहां खास फोकस है.

पीएम मोदी ने कहा, जल जन अभियान ऐसे समय में शुरू हो रहा है जब पानी की कमी को पूरे विश्व में भविष्य के संकट के रूप में देखा जा रहा है. 21वीं सदी में दुनिया इस बात की गंभीरता को समझ रही है कि हमारी धरती के पास जल संसाधन कितने सीमित हैं. उन्होंने कहा, इतनी बड़ी आबादी के कारण जल सुरक्षा भारत के लिए भी एक महत्वपूर्ण दायित्व है और हम सब की साझी जिम्मेदारी है. इसलिए आजादी के अमृतकाल में आज देश जल को कल के रूप में देख रहा है. जल रहेगा तभी आने वाला कल भी रहेगा और इसके लिए हमें मिलकर आज से ही प्रयास करने होंगे. पीएम कहा, मुझे संतोष है कि जल संरक्षण के संकल्प को अब देश एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ा रहा है. ब्रह्मकुमारी के इस जल जन अभियान से जन भागीदारी के इन प्रयासों को नई ताकत मिलेगी. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले ही प्रकृति, पर्यावरण व पानी को लेकर संयमित, संतुलित व संवेदनशील व्यवस्था का सृजन किया था. उन्होंने कहा, ÷हमारे यहां कहा गया है कि हम जल को नष्ट न करें उसका संरक्षण करें. यह भावना हजारों वर्षों से हमारे आध्यात्म व धर्म का हिस्सा है. यह हमारे समाज की संस्कृति है हमारे सामाजिक चिंतन का केंद्र है. इसलिए हम जल को देव की संज्ञा देते हैं नदियों को मां मानते हैं. कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद थे. गुरुवार के इस कार्यक्रम के 4 दिन पहले ही पीएम मोदी राजस्थान गए थे. तब पीएम ने रविवार (12 फरवरी) को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड का पहला चरण राष्ट्र को समर्पित किया था. इस मौके पर उन्होंने कहा था कि हम लोग आधारभूत संरचना पर बहुत निवेश कर रहे हैं. इस निवेश का बहुत बड़ा फायदा राजस्थान को होने वाला है. इससे 14 दिन पहले शनिवार (28 जनवरी) को भी पीएम मोदी राजस्थान पहुंचे. तब उन्होंने राजस्थान के मालासेरी गांव के मंच से भला जी भला देवजी भला का उद्घोष किया था. प्रधानमंत्री यहां भीलवाड़ा में भगवान देवनारायण की 1111वीं जयंती समारोह में शिरकत के लिए पहुंचे थे. इस राज्य में तब बीते 4 महीने में पीएम का ये तीसरा दौरा था. तब पीएम मोदी ने कहा था कि यहां वो किसी पीएम की तरह नहीं बल्कि भक्ति भाव से आम इंसान की तरह एक यात्री के तौर पर आशीर्वाद लेने आए है. न्यूज एजेंसी पीटीआई के इंटरव्यू में बुधवार (15 फरवरी) को कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि मामले में हद से अधिक देरी हो रही है. राजस्थान में हर 5 साल में सरकार बदलने की परंपरा है. ऐसे में कांग्रेस पार्टी को जल्द ही फैसला लेना होगा. उन्होंने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आक्रामक तरीके से प्रचार कर रहे हैं. राजस्थान पर फैसला जल्द होना चाहिए, ताकि चुनाव के लिए कांग्रेस को तैयार किया जा सके.



## क्या मोदी को मिल रहा पसमांदा मुसलमानों का साथ

**नई दिल्ली।** देश में एक करीब एक साल बाद लोकसभा के चुनाव होने है. पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी एक बार फिर से सरकार बनाने के लिए सभी वर्गों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है. इसी के तहत जनवरी 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से पसमांदा मुसलमानों के पास पहुंचने का मंत्र दिया था. पीएम मोदी ने कहा था कि हमें पसमांदा समाज तक पहुंचना चाहिए. पीएम की इस अपील के बाद बीजेपी नेता मुसलमानों तक पहुंचने की कोशिश भी कर रहे हैं. हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दाउदी बोहरा समुदाय के एक कार्यक्रम में शामिल होने मुंबई पहुंचे थे. इस कोशिश पर मुसलमानों का कितना समर्थन हासिल हो रहा है, आइए देखते हैं. इंडिया टीवी और मैट्रिज ने एक सर्वे किया था जिसके नतीजे बीते साल के दिसम्बर में जारी किए गए थे. इस सर्वे के मुताबिक बीजेपी को 22 प्रतिशत पसमांदा मुसलमानों का साथ मिल रहा है. 64 प्रतिशत मुसलमान अभी भी बीजेपी के साथ खुद को जोड़ने से इनकार कर रहे हैं. वहीं, 14 प्रतिशत अभी तक इस बारे में साफ नहीं हैं. राम मंदिर को लेकर बीजेपी के लिए अच्छी खबर है. 48 प्रतिशत हिंदू मानते हैं कि राम मंदिर बनने से बीजेपी को वोट मिलेंगे. वहीं 38 फीसदी हिंदू इससे इंकार करते हैं. 72 प्रतिशत मुस्लिम मानते हैं कि राम मंदिर बनने से बीजेपी को फायदा होगा, जबकि 12 प्रतिशत इसकी संभावना नहीं देखते. इस सर्वे में देश की राजनीति और चुनाव को लेकर सवाल पूछे गए. मुसलमान किस दल पर सबसे ज्यादा भरोसा करते हैं, इसके जवाब में केवल 9 प्रतिशत मुस्लिमों ने बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए पर विश्वास जताया. मुसलमानों का सबसे ज्यादा भरोसा कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए (38 प्रतिशत) पर है. दूसरे नंबर पर क्षेत्रीय पार्टियां हैं. सर्वे में शामिल 31 प्रतिशत मुसलमानों ने क्षेत्रीय दलों पर भरोसा जाहिर किया है. हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन औवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के ऊपर 16 प्रतिशत मतदाता भरोसा करते हैं.



## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुकेश चंद्रशेखर को ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर को गुरुवार (16 फरवरी) को ईडी (ईडी) ने एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया है. जालसाज सुकेश को ईडी ने गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया. पटियाला हाउस कोर्ट ने सुकेश चंद्रशेखर को 9 दिन के लिए ईडी की रिमांड में भेज दिया. ईडी ने एक नए मामले में सुकेश चंद्रशेखर को गिरफ्तार किया है. ये मामला रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड के पूर्व प्रमोटर मलविंदर सिंह की पत्नी से 3.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है. दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुकेश को नौ दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने सुकेश को हर दिन 15 मिनट की अवधि के लिए अपने वकील से मिलने की अनुमति भी दी. ईडी ने अपराध में शामिल व्यक्तियों के बारे में पता लगाने के लिए सुकेश की 14 दिनों की रिमांड मांगी थी. ईडी ने आरोप लगाया था कि सुकेश ने तिहाड़ जेल में बंद मालविंदर सिंह की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बदले में धन उगाही करने के लिए कानून सचिव बनकर मालविंदर सिंह की पत्नी से संपर्क किया था. एजेंसी ने कहा कि सुकेश झूठे बयान दे रहा है और जांच में सहयोग नहीं कर रहा है. सुकेश पहले से ही 200 करोड़ के घोटाले के मामले में न्यायिक हिरासत में है. उसने कथित तौर पर फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रमोटर शिविंदर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह के साथ धोखाधड़ी की थी. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2021 के इस मामले में जैकलीन फर्नांडीज और नोरा फतेही सहित बॉलीवुड की कई एक्ट्रेस और मॉडलों से चंद्रशेखर के साथ उनके कथित संबंधों को लेकर पूछताछ की है.



## कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने राहुल गांधी को भारत-चीन संबंध पर बोलने के लिए बुलाया



कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने भारत-चीन संबंध, डाटा और लोकतंत्र पर बोलने के लिए बुलाया है. इस पर उन्होंने गुरुवार (16 फरवरी) को कहा कि वो इसको लेकर तैयार हैं. राहुल गांधी ने ट्वीट किया, वो अपने अल्मा मेटर (पुराने संस्थान) कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी जाने को लेकर काफी उत्साहित हैं. उन्होंने बताया कि वो जिओ पॉलिटिक्स, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, बिग डाटा और लोकतंत्र पर बात करेंगे. दरअसल कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी ने ट्वीट करके जानकारी दी कि राहुल महीने के आखिर में विश्वविद्यालय आएंगे. उनका फिर से स्वागत करने को लेकर यूनिवर्सिटी खुश है.

## बंटवारे के बाद खेती वाली 22 मिलियन हेक्टेयर जमीन पाकिस्तान में चली गई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने गुरुवार (16 फरवरी) को कहा कि भारत के बंटवारे के बाद पाकिस्तान के पास खेती योग्य जमीन जाने पर लोग सोचते थे कि हिंदुस्तान अपने लोगों को खिला नहीं पाएगा. एनएसए अजित डोभाल ने कहा, हिंदुस्तान के विभाजन के समय पाकिस्तान के पास 22 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि चली गई. ये भारत का वो भाग था जहां सबसे ज्यादा अनाज पैदा होता था. इसके बाद कई लोगों को मानना था कि देश की 35 करोड़ की जनता के लिए अन्न पैदा नहीं हो पाएगा. यह गौरव का विषय है कि आजादी के 75 साल बाद हमारी आबादी 135 करोड़ हो गई. देश के स्वतंत्र होने पर हमारे पास खाद्यान 50 मिलियन टन था जो आज बढ़कर 315 मिलियन टन हो गया. डोभाल उत्तराखंड में स्थित जीबी पंत यूनिवर्सिटी के 34वें दिक्षांत समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे. एनएसए डोभाल को जीबी पंत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के दौरान डी लिट की उपाधि भी दी गई. इस दौरान यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर मनमोहन एस चौहान और राज्य के राज्यपाल गुरमीत सिंह भी मौजूद रहे.

## जयमाला के दौरान पटाखा चलते ही डर गया दूल्हा




शादियों का सीजन इन दिनों जोरों शोरों पर है. जिसके कारण आए दिन हमें कई बेहतरीन वीडियो देखने को मिल रहे हैं. शादी के दौरान लड़की से लेकर लड़के वालों को काफी मस्ती मजाक करते देखा जाता है. शादी की रस्मों के दौरान कई बार ऐसे मौके आते हैं, जब बारातियों को बेहतरीन डांस करने से लेकर जीजा-साली को मजाक करते देखा जाता है. इन मौकों की कुछ बेहद खास वीडियो सोशल मीडिया पर सभी को गुदगुदाने का काम करती है. हाल ही में एक वीडियो सामने आया है. जिसमें जयमाला की रस्म को होते देखा जा सकता है. इस दौरान कुछ ऐसा होता है कि दूल्हा डर जाता है. जिसके बाद सोशल मीडिया पर उसकी खिल्ली उड़ रही है. यहीं कारण है कि यह वीडियो सोशल मीडिया पर हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रही है. वीडियो को देख यूजर्स मजे लेते हुए क्या दूल्हा बनेगा रे तू कमेंट कर रहे हैं. फिलहाल वायरल हो रही इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर जीया मीना नाम की एक प्रोफाइल से पोस्ट किया गया है. इस वीडियो में दूल्हा और दुल्हन स्टेज पर जयमाला की रस्म को पूरा करते नजर आते हैं. उसी दौरान जश्न के माहौल को दोगुना करने के लिए कोई शख्स पटाखा चला देता है. जिसके धमाके की आवाज इतनी तेज होती है कि दूल्हा उसे बंदूक से निकली गोली समझकर डर जाता है, ऐसा होते ही दूल्हे की प्रतिक्रिया देख हर कोई हंसने लगता है. दूल्हे को डरते देख सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रही है. वहीं सोशल मीडिया पर दूल्हे की किरकिरी भी हो गई हैं. खबर लिखे जाने तक वीडियो को सोशल मीडिया पर 5 मिलियन से ज्यादा व्यूज और 2 लाख 24 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल गए हैं. वहीं यूजर्स लगातार फनी कमेंट कर रहे हैं. एक यूजर ने कमेंट कर लिखा दूल्हे को भ्रम था की लड़की के आशिक ने फायरिंग तो ना कर दी. एक अन्य ने लिखा भाई साहब दूल्हा कमजोर निकला . एक यूजर ने दूल्हे की साइड लेते हुए लिखा दूल्हा शरीफ और सिंपल है, लड़ाई-झगड़ा बिल्कुल पसंद नहीं.

## भारत में भूकंप को लेकर क्या है डरावनी भविष्यवाणी ?

**नई दिल्ली।** हाल ही में आए तुर्किए में विनाशकारी भूकंप ने हजारों लोगों की जान ले ली, जिससे पूरा देश सहम गया. अनुमान लगाया जा रहा है कि, कुछ इसी तरह का खतरनाक भूकंप भारत में भी आ सकता है. जी हां, फ्रैंक हूगरबीट्स ने भारत समेत अफगानिस्तान और पाकिस्तान में भी भयानक भूकंप भी भविष्यवाणी की है. नीदरलैंड के एक शोधकर्ता हैं. जिनका नाम फ्रैंक हूगरबीट्स है. ये सोलर सिस्टम ज्योमेट्री सर्वे यानी स्स्त्वश्वह्रस्र के लिए काम करते हैं. फ्रैंक ग्रहों की चाल के आधार पर भूकंप की भविष्यवाणी करते हैं. स्स्त्वश्वह्रस्र शोध संस्थान भूकंप की गतिविधियों का अनुमान लगाने के लिए आकाशीय ग्रहों की निगरानी करता है. फ्रैंक ग्रहों की चाल से भूकंप पता लगाते हैं. वैदिक ज्योतिष शास्त्र में भी इस तरह की प्राकृतिक घटनाओं के पीछे ग्रहों के गोचर की अहम भूमिका बताई गई है.

हाल ही में सोमवार 6 फरवरी 2023 को तुर्किए और इसके आसपास के इलाकों में ऐसा विनाशकारी भूकंप आया कि सबकुछ बर्बाद हो गया. लेकिन फ्रैंक हूगरबीट्स ने 3 फरवरी को ही तुर्किए में भयानक भूकंप आने की भविष्यवाणी कर दी थी. फ्रैंक ने 3 फरवरी को सोशल मीडिया पर ट्वीट कर तुर्किए में भूकंप की आशंका जताई थी, जोकि महज तीन दिन बाद ही सच साबित हो गई. तुर्किए और सीरिया में 7.8, 7.5 और 6.0 मैग्नीट्यूड के तीन भूकंप आए और सबकुछ तबाह हो गया. खबरों की माने तो इस भूकंप ने लगभग 33 हजार लोगों की जान ले ली. तुर्किए और सीरिया के बाद फ्रैंक हूगरबीट्स ने भारत में भी कुछ इसी तरह के भूकंप आने की आशंका जताई है. हूगरबीट्स के अनुसार कुछ दिनों बाद भारत में भी बड़ा भूकंप आ सकता है. हूगरबीट्स ने यह भी कहा कि, इसका प्रमुख केंद्र अफगानिस्तान होगा. इसकी चपेट में भारत और पाकिस्तान आ सकते हैं. लेकिन भूकंप की भविष्यवाणी को लेकर ज्योतिषशास्त्र क्या कहता है और क्या है भूकंप का ग्रहों से संबंध, आइये जानते हैं. ज्योतिषीय दृष्टिकोण से भी भूकंप की भविष्यवाणी की जाती है. लेकिन भूकंप की तीव्रता के बारे में अनुमान लगाना थोड़ा मुश्किल होता है. ज्योतिष विशेषज्ञ एस्ट्रोलॉजर रुचि शर्मा बताती हैं कि, पूर्व में आए कई भूकंप के समय की कुंडली व ग्रहों की स्थिति को निकालकर कुछ ज्योतिषीय सूत्र दिए गए हैं. गर्ग संहिता के अनुसार मंगल, शनि, राहु और गुरु जैसे बड़े ग्रह परस्पर क्रेंद या फिर त्रिकोण में होते हैं तब भी भूकंप की आशंका काफी बढ़ जाती है. वहीं ज्योतिष के अनुसार, अधिकतर बड़े भूकंप रात्रि, मध्यरात्रि, मध्याह्न या फिर ब्रह्म मुहूर्त के समय ही आते हैं. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार आमतौर पर अधिकतर भूकंप सूर्य या चंद्र ग्रहण, पूर्णिमा और अमावस्या के आसपास आते हैं. तुर्किए और सीरिया में आए भूकंप का संयोग भी यह रहा कि 5 फरवरी को पूर्णिमा थी और इसके अगली सुबह को ही यह भूकंप आया. एस्ट्रोलॉजर रुचि शर्मा बताती हैं कि, बड़े ग्रह मंगल, शनि, राहु और गुरु जब पृथ्वी तत्व की राशियां जैसे वृषभ, कन्या व मकर और वायु तत्व की राशियां जैसे कुंभ, तुला या मिथुन में होती हैं तो ऐसी स्थिति में विनाशकारी भूकंप आने की संभावना होती है. भूकंप ग्रहण काल में नहीं आता. लेकिन ग्रहण के बाद आने वाली पूर्णिमा या अमावस्या के सप्ताह के भीतर इसकी संभावना अधिक होती है. ज्योतिष के अनुसार जब ग्रहण पड़ते हैं या ग्रहण लगने वाला होता है तो उसके 40 दिन पहले और 40 दिन बाद यानी 80 दिनों के अंतराल में भूकंप आने की संभावना होती है. कभी-कभी 15 दिन पूर्व या पश्चात में भी भूकंप आ सकते हैं. साल 2023 का पहला ग्रहण जोकि सूर्य ग्रहण होगा. यह 20 अप्रैल 2023 गुरुवार के दिन लगेगा. सूर्य ग्रहण या चंद्र ग्रहण के बाद पूर्व में आए भूकंप के कई तथ्य मिलते हैं.



# अपने कार्यालय में ताला लगा कर नगर पालिका कर्मचारी निकाल रहे विकास यात्रा

## हितग्राही हो रहे परेशान नहीं हो रहा कोई भी काम





**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- खबर शिवपुरी जिले की नगर पालिका से है जहां पर नगर पालिका के कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में ताला लगाकर विकास यात्रा निकाल रहे हैं और उस विकास यात्रा में न तो उनका विकास देखने को मिल रहा है और न ही इनके द्वारा वार्डो में जो विकास कराया गया है वह कहीं देखने को नही मिल रहा है आज जब इस विकास यात्रा को देखा गया तो यह विकास यात्रा पोलो ग्राउंड के सामने एक पार्क में घंटो तक आराम करती रही और सभी नगर पालिका के कर्मचारी जो विकास यात्रा में आए हैं जिनको विकास यात्रा का जिम्मा सौंपा गया है कि वह और जिन नगर पालिका और के कर्मचारियों को विकास यात्रा का जिम्मा नहीं सौंपा गया वह सभी आकर उस पार्क में बैठकर आराम से खाना खाते हुए मिले और खाना खाने के बाद कुछ कर्मचारियों ने वहां पर आराम फरमाया गहरी नींद ली और नींद लेने के बाद सामने ही बना हुआ पोलो ग्राउंड जहां पर आधे से ज्यादा कर्मचारियों ने वॉलीबॉल खेल कर अपना समय गुजारा इसी प्रकार से जनता के पैसे की बर्बादी विकास यात्रा के नाम पर की जा रही है विकास कुछ किया नहीं है और विकास के नाम पर झूठा ढोल पीटा जा रहा है जिसका जीता जाता हो उदाहरण आज नगरपालिका के कर्मचारियों को आराम फरमाते देखा तब मालूम चला कि यह क्या विकास यात्रा चला रहे हैं इनमें से नगरपालिका के कर्मचारियों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि जिन लोगों की ड्यूटी विकास यात्रा में नहीं लगी है वह सभी नगर पालिका में अपने कार्यालय में बैठे हुए हैं हालांकि नगरपालिका के कार्यालय में ताला लगा हुआ था जहां पर किसी भी कर्मचारियों को नहीं देखा गया जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह किस प्रकार के विकास की बात कर रहे हैं जनता का विकास हो रहा है या इनका खुद का विकास हो रहा है जनता यह सब कुछ देख रही है और आने वाले समय में इसका जवाब भी देने के लिए तैयार है।



# रन्नौद कोलारस विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा मैं विधायक वीरेंद्र रघुवंशी गांव-गांव जाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं

**रन्नौद से प्रदीप जैन की रिपोर्ट**

आज 11 बे दिन नगर परिषद रन्नौद में विकास यात्रा का समापन करते हुए सीसी सड़क खरंजा पेपर ब्लॉक सेल्फी प्वाइंट डब्लू डीएम रोड़ों का भूमिपूजन किया गया विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने कहा ऐसी कई सौगात है मैंने नगर परिषद रन्नौद के लिए दी है और आगे मुझे मौका मिले तो इसी तरह विकास कार्य करता रहूंगा इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा की आने वाले विधानसभा चुनाव में चेहरा कोई भी हो हमें पार्टी का कार्य करना है और फिर से कमल खिलाना है इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील रघुवंशी वा कोलारस अनुविभागीय अधिकारी बृज बिहारी श्रीवास्तव अरुण गुर्जर तहसीलदार रन्नौद. एलएल पिप्पल जनपद सीईओ आरएम सिद्दीकी. पंकज सोनी संकुल प्राचार्य. रामभरोसी शर्मा सीएमओ नगर परिषद रन्नौद वा भाजपा जिला कार्यकारिणी समिति सदस्य विपिन शर्मा मंडल अध्यक्ष अवध बोहरे नरेंद्र सिंह सिकरवार, मोना श्याम कुशवाह. नारायण सिंह कुशवाह. एवं अन्य पार्षद सुचेंद




जनप्रतिनिधि नगर परिषद अध्यक्ष पति जमुना प्रसाद कुशवाहा. नगर परिषद उपाध्यक्ष अमित बोहरे राजकुमार रजक राजेश केवट. डॉ बोहरे पंकज भार्गव. दिनेश खटीक जयपाल राय महेश खटीक एवं समस्त विभागों से अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# अपने कार्यकाल में जिले में सबसे मजबूत पार्टी होगी कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय चौहान

## नरवर करेरा ब्लॉक के 35 अन्य पार्टियों के कार्यकर्ता हुए कांग्रेस में शामिल

शिवपुरी- खबर शिवपुरी जिले के कांग्रेस कार्यालय झांसी रोड से है जहां पर आज नरवर और करैरा से तमाम कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जो कि अन्य राजनीतिक दलों से थे जिन्होंने आज कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय चौहान के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा । नरवर ब्लॉक के कांग्रेसी पदाधिकारी साबिर खान ने बताया कि आज नरवर से दो दर्जन लोग मेरे साथ आए जिन्होंने आज जिलाध्यक्ष साहब के पास जाकर कांग्रेस पार्टी से जुड़े वही कांग्रेस की करेरा ब्लॉक की महिला अध्यक्ष लाली भगोरिया के साथ 1 दर्जन से अधिक लोगों ने आकर जिला अध्यक्ष के कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया एक तरफ जहां भाजपा अपने विकास कार्यों का ढोल पीटते हुए विकास यात्रा निकाल रही है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अपनी पोलिगों को मजबूत करने के लिए अपनी पार्टी में कार्यकर्ताओं का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चलाकर कार्यकर्ताओं को जोड़ने में विश्वास कर रही है आज भी



इसी तर्ज पर अन्य अन्य पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने अपनी राजनीतिक पार्टियों को छोड़ते हुए कांग्रेसी पार्टी का दामन थामा। नरवर से आए लक्ष्मण दास कोहली जोकि एक रिटायर अधिकारी है और कमिश्नर ऑफिस में काम करते थे जिनका हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं उन्होंने भी आज कांग्रेस पार्टी का दामन थामा उन्होंने बताया की उनका परिवार काफी समय से कांग्रेसी से जुड़ा हुआ है और वह कांग्रेस की विचारधारा पर कार्य भी करते हैं लेकिन सरकारी अधिकारी होने के कारण वह कांग्रेसमें खुलकर नहीं आ पा रहे थे लेकिन अब सेवानिवृत्त होने के बाद वह खुलकर कांग्रेस के साथ में खड़े हुए हैं और आने वाले विधान सभा चुनाव में वह खुलकर कांग्रेसका प्रचार करेंगे और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे उनके साथ भी नरवर से काफी लोग चलकर आए जिन्होंने आज कांग्रेसका दामन थामा गजेंद्र लोधी जो किसान के नेता है उन्होंने भी कांग्रेस का दामन थामा कल्लू राम कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष नरवर उत्सव कोली नरवर राजीव खटीक शिवपुरी रोहित साख शिवपुरी लक्ष्मणदास कोहली नरवर लाली भगोरिया और अन्य लोगों ने एक साथ मिलकर कांग्रेसका दामन थामा।

# मुख्यमंत्री का निज सचिव बताकर अधिकारियों और लोगों पर रौब झाड़ने वाला युवक हुआ गिरफ्तार मामला दर्ज

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** शहर का एक युवक जो अपने आप को मुख्यमंत्री का निज सचिव बता कर लोगों एवं अधिकारियों में अपना रौब झाडता था। पूरा मामला पुलिस के संज्ञान में लिया तो पता चला यह युवक किसी भी प्रकार से मुख्यमंत्री का निज सचिव नहीं हैं इसने अपने मन से ये सब लिख रखा था और अधिकारियों एवं लोगों में इस पद का पावर दिखाता था।इस शख्स का नाम आकाश दुबे है। जो दमोह शहर का रहने वाला हैं और अपने आपके को मुख्यमंत्री का निज सचिव बताता था। पिछले दो साल से ये यह शख्स दमोह नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के अधिकारियों पर दबाव बनाता था। बेखौफ होकर गाडियों में नेम प्लेट और लालबत्ती और हूटर लगी गाडियों पर घूमकर अपना रूतबा दिखाता फिरता था। हद तो तब हो गयी जब इसके घर 9 फरवरी को शादी थी और इसने उन आमंत्रण पत्रों में अपने नाम के आगे पंडित



आकाश दुबे निज सचिव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन लिखवाकर बडे बडे अधिकारियों को आमंत्रण भेजे जिसका कार्ड दमोह एसपी को भी मिला। आमंत्रण पत्र को देखकर कुछ भनक दमोह एसपी राकेश सिंह को लगी कि इस प्रकार का कोई भी व्यक्ति मुख्यमंत्री का निज सचिव पदस्थ नहीं हैं और ना ही किसी प्रकार से नियुक्ति पत्र इसके नाम से जारी हुआ हैं,उन्होंने तत्काल ही मामले को संज्ञान में लिया और दमोह कोतवाली टीआई विजय सिंह राजपूत एवं उनकी पूरी टीम के माध्यम से एक टीम तैयार करके आरोपी को पकड़ने के लिए कहाँ गया एवं खुफिया विभाग जिन्होंने शादी के आमंत्रण पत्र पर छपे कार्ड के आधार को जांच में लिया और सूक्ष्मता से जांच के बाद यह तय हुआ कि यह आकाश दुबे नाम का शख्स मुख्यमंत्री का निज सचिव नहीं बल्कि दमोह का नटवर लाल है। जिसे दमोह पुलिस ने गिरफ्तार कर 419, 170 धारा के तहत का मामला दर्ज किया गया। फिलहाल आरोपी पुलिस गिरफ्त में हैं। दमोह पुलिस अधीक्षक ने अपनी पूरी टीम को बधाई दी।

# विकास यात्रा में मंत्री यशोधरा राजे ने दी विकास कार्यों की सौगात

**राकेश परिहार रिपोटर पिछोर**

**शिवपुरी।** खेल एवं युवा






कल्याण तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया शिवपुरी जिले के दो दिवसीय प्रवास पर आयीं और विकास यात्रा में भाग लिया। विकास कार्यों की सौगात दी। सुबह कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर विकास यात्रा की शुरुआत हुई। कमलागंज में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने उद्बोधन में कहा कि सरकार कमजोर वर्ग को सशक्त कर रही है। कई योजनाओं का लाभ लोगो को दिया जा रहा है। नगर पालिका परिषद अंतर्गत 78.43 लाख रूपए के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें वार्ड क्रमांक-07 रामबाग कॉलोनी में 3.90 लाख रूपए की राशि के सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन, वार्ड क्रमांक-11 महाराणा प्रताप कॉलोनी में 12.73 लाख रूपए की राशि के सीसी रोड एवं पेवर ब्लॉक कार्य का भूमिपूजन, वार्ड क्रमांक-17 में 5.63 लाख रूपए की राशि के पेवर कार्य का भूमिपूजन, वार्ड क्रमांक-28 में 5.80 लाख रूपए की राशि के सीसी रोड कार्य का भूमिपूजन, वार्ड क्रमांक-31 में 8.7 लाख रूपए की राशि के सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण, वार्ड क्रमांक-31 में गिर्राज शर्मा वाली गली में 9.15 लाख रूपए की राशि के सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन, वार्ड क्रमांक-33 में चिलौद टंकी से महंत बालक के पास तक 5.56 लाख रूपए की राशि के सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन, वार्ड क्रमांक-34 में राम स्वरूप चौधरी के मकान से अशोक देसाई के मकान तक 6.19 लाख रूपए की राशि के सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन, वार्ड क्रमांक-37 में श्रीलाल के वाडे में 4.36 लाख रूपए की राशि के सीसी रोड कार्य का भूमिपूजन तथा वार्ड क्रमांक-37 में न्यू द्वारिकापुरम कॉलोनी भारतीय विद्यालय मैन रोड से ज्योति जैन तक 17.04 लाख रूपए की राशि के सीसी रोड कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र दिए गए। इसके अलावा सफाईकर्मी को सम्मानित किया गया।

# उद्योग क्षेत्र में अंतर्गत हुई चोरी का 24 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा जिसमें माल सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में बढ़ती चोरियों के ग्राफ में कम करने में थाना प्रभारी बलवंत सिंह यादव ने पुलिस अधीक्षक भिंड शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर पालन करते हुए





दिनांक 15 /1/2023 को उद्योग इकाई शिवशक्ति टैंक एंड वेसल्स वेयर हाउस जमुना आटो कंपनी प्राइवेट लिमिटेड मालनपुर से कमानी पट्टा चोरी की रिपोर्ट फरियादी मैनेजर अनिल पुत्र देवकीनंदन बिरथरे की रिपोर्ट पर थाना मालनपुर अपराध क्रमांक 26 /2023 धारा 487/380 विवेचना में लिया तो मालनपूर थाना के अपने पुलिस बल के साथ पुलिस स्टाफ के सहयोग से उक्त चोरी 24 घंटे में बरामद की जिसमें जमना ऑटो का चोरी माल ड़98 हजार के लगभग था जिसमें पूछताछ करने पर कमानी पट्टा एंगल लोहे के एवं पाइप आरोपियों से जप्त किए गए आरोपियों में भीमा उर्फ भीमसेन पुत्र राम कुमार जाटव उम्र 23 साल निवासी हरिराम पुरा साथी गोपाल नाथ पुत्र नन्नू आदिवासी उम्र 20 साल खरूरी ग्वालियर एवं चोरी का माल खरीदने वाला कव्वाडी अनवर पुत्र इस्माइल खान निवासी रिठौरा कला मुरैना जिससे शक्ती से पूछताछ पर सब कुछ उगल दिया इतना ही नहीं भीमसेन क्षेत्र का नाम चोरी में आता है इसकी गैंग के अन्य साथी भी हैं जो इस उद्योग क्षेत्र में चोरी की वारदात में भी लिप्त हैं जो इस क्षेत्र के अन्य कारखानो में हुई चोरियों का खुलासा होने की संभावना प्रतीत होती दिखाई दे रही है ज्ञात रहे के थाना मालनपुर का प्रभार संभालते ही बलवंत सिंह यादव को अभी 1 माह भी नहीं हुआ यादव ने एक महीने में चोर बदमाशों में का भय का माहौल बना दिया है चोरों एवं अंधे कत्ल का पर्दाफाश आदि क्योंकि चोरी बरामद कर पुलिस स्टाफ के साथ एक सराहनीय कार्य किया उक्त कार्रवाई में उपनिरीक्षक बलवंत सिंह यादव, ए एस आई नारायण सिंह धारिया, प्रधान आरक्षक विक्रम सिंह परिहार,आरक्षक नवीन तोमर, आरक्षक आदित्य सिंह गुर्जर, आरक्षक बलराम सिंह, आरक्षक पंकज तोमर, आरक्षक मनीष माझी, आरक्षक सोनू माझी, मंगल सिंह गुर्जर आदि सराहनीय रहा है

# शिव बारात में शामिल होने के लिए नगरवासियों को पीले चावल बांटे गए

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । शिव बरात महोत्सव समिति द्वारा बाजार में जाकर शहर में भ्रमण कर शहर वासियों को और राहगीरों को 18 फरवरी 2023 को शिव बारात के लिए लोगों को पीले चावल देकर शिवरात्रि को शिव बारात के लिए आमंत्रित किया



जिसमें भाजपा नेता डॉ रमेश दुबे,अमित दुबे, अमित जैन, अतुल पाठक, प्रशांत सोनी, रवि बाजपेई ,सूरज बरुआ ,पीयूष शर्मा, लटूरी प्रसाद शर्मा, ओम प्रकाश बाबूजी, विपिन बघेल, मनोज जैन, गोपाल राजावत, दिलीप, रिंकू तिवारी, दिलीप जैन, सुभाष दुबे,अभिषेक मिश्रा,पुष्पेंद्र यादव, यश सोनी द्वारा शहर में भ्रमण कर सभी लोगों को पीले चावल देकर रात के लिए आमंत्रित किया। 17 फरवरी 2023 को काली माता मंदिर गौरी रोड पर मंडप संगीत हल्दी लवण का कार्यक्रम दोपहर 2:00 से रात्रि 8:00 बजे तक होगा जिसमें सभी भक्तों के लिए यहां पर कढ़ी और भात प्रसाद का वितरण किया जाएगा। 18 फरवरी 2023 को भोले बाबा लाल बत्ती पालकी में शहर का भ्रमण करते हुए गौरी पर काली माता मंदिर पर पहुंचेंगे जिसमें दर्जनों रथ बग्गी बैंड और बाहर से बैंड और बग्गी आएंगी।

# कल से नहीं मिलेगा शहर मैं दूध दूध बाले बैठे हड़ताल पर

## जब तक नही होती मांगे पूरी तब तक जारी रहेगी हड़ताल

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी शहर की जनता जहाँ सुबह उठ कर छाए पाइन की आदत हैं उस आदत पर कल से परेशानी आने बाली हैं क्यो की शहर के समस्त दूध बाले आज से हड़ताल ओर बैठ गए है प्राप्त जानकारी के अनुसार दूध बालो ने बताया कि वह अपने अपने ग्रामों से दूध लाकर नगर में विक्रय करते हैं, यही हमारी आजीविका है। इसके अलावा अन्य आय का स्रोत नहीं है। आज की तारीख मैं घास, भूसा, खर, तेल, बाजरा आदि की दरों में निरंतर वृद्धि होने की वजह से हम सभी दूध बालो को मवेशियों को रखने खिलाने पिलाने में अत्यधिक व्यय करना पड़ रहा है। विगत दो वर्षों से चल रहीं पिछली दरों में दूध विक्रय किया जाना संभव नही हो पा रहा है। ऐसी स्थिति हम दूध की दर 50/- प्रति लीटर करने को विवश हो रहे हैं। विदित हो कि आसपास के क्षेत्रों व लगे हुए शहरों में दरें पूर्व से ही 60/- रु. प्रति लीटर हैं। दूध की इस ज्ञापन पत्र के माध्यम से हम 200 ग्राम सावा पर दूध की दर 50/- प्रति लीटर सुनिश्चित किये जाने का के लिए आज कलेक्टर साहब को ज्ञापन दिया अब देखना यह हैं कि अब कितने दिनों तक नगर वासियो को कब तक दूध नही मिलता हैं

# पिछोर नगर पालिका सीएमओ की अनदेखी लावा लब अपार कचरे का ढेर बीच बस स्टैंड पर

## पिछोर नगर पालिका सीएमओ गहरी नींद में

**जगदीश पाल रिपोर्टर**
**खनियाधाना**



पिछोर, नगर परिषद नगर पालिका सीएमओ राघवेंद्र पालिया नगर परिषद में सुचारू रूप से नगर के लोगों के लिए सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं हर मोहल्ला हर गली हर सड़क पर कचरे का ढेर लगा हुआ है नगर परिषद बांसी गंदी बदबू के कारण बीमारी के शिकार हो रहे हैं पॉलिथीन प्लास्टिक की बोतल एवं हर जगह कचरा ही कचरा छाया हुआ है बादलों की तरह लेकिन नगर परिषद सीएमओ राघवेंद्र पालिया के कार्यकारिणी बेहद लोगों के लिए परेशानी की जड़ बनती जा रही है क्योंकि नगर में गंदगी का अपार भंडारा बना हुआ है हर जगह गंदगी गंदगी है हर जगह नालिया चाक चौबंद है जिससे आमजन यात्रियों को बदबू सहनी पड़ रही है जिससे बीमारी का लगातार खतरा बढ़ता जा रहा है।

# परम पूजनीय मानसश्री रामस्वरूपचार्य जी के मुखारविंद से होगा कथा का रसपान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। श्री मंशापूर्ण हनुमान जी की प्रेरणा एवं असीम कृपा से अखिल ब्रह्मांड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी की परम पावन जगत नगरी भिंडी ऋषि की पावन तपोभूमि में श्री राम कथा का भव्य आयोजन यह द्वितीय दिवस में शिव विवाह का जिसमें श्री राम कथा के जनमानस परम पूजनीय श्री श्री 1008 रामस्वरूपचार्य के मुखारविंद से वर्णन किया गया। 17 फरवरी को राम जन्म, 18 फरवरी को सुमित राघवन ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार, 19 फरवरी को पुष्प वाटिका राम विवाह, 20 फरवरी को राम वन गमन, 21 फरवरी को भरत चरित्र 22 फरवरी को हनुमान चरित्र 23 फरवरी को राज्याभिषेक की सुंदर कथा का प्रशन कथा वाचक श्री स्वरूप राम स्वरूपानंद जी के श्री मुखारविंद से प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि कलश यात्रा से प्रारंभ होकर 23 फरवरी तक चलने वाली श्री राम कथा में भिंड जिले के समस्त धर्म प्रेमी बंधु कथा में शामिल होकर रसपान करेंगे।

श्री राम कथा के द्वितीय दिवस में श्री राम कथा वाचक चित्रकूट धाम से रामस्वरूप आचार्य शिव विवाह का बहुत ही सुंदर शब्दों में लोगों को कथा का श्रवण कराते हुए कहा रामचरितमानस की हर मुझे में स्थापित करना चाहिए। आप सबका मन भगवान के चरणों में समर्पित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कथा सुनने के लिए आए श्रद्धा और विश्वास लेकर आए। धर्म को दूर करने के लिए हमारे जीवन का अंधकार दूर होना चाहिए। उन्होंने कहा भगवान की कथा सुनने से सभी पाप दूर हो जाते हैं। हमारी भावनाएं कथा सुनने के लिए निरंतर बनी रहनी चाहिए। हम सबके व्यस्तता अध्यात्मिक की ओर होनी चाहिए। मुखारविंद से कहां की हर व्यक्ति का शरीर भगवान की सेवा करने के लिए बनाया गया है। भगवान



शंकर विश्वास है पार्वती जी श्रद्धा है। उन्होंने शिव विवाह का वर्णन करते हुए कहा कीभगवान शिव के विवाह के बारे में पुराणों में वर्णन मिलता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने सबसे पहले सती से विवाह किया था। भगवान शिव का यह विवाह बड़ी जटिल परिस्थितियों में हुआ था।सती के पिता दक्ष भगवान शिव से अपने पुत्री का विवाह नहीं करना चाहते थे लेकिन ब्रह्मा जी के कहने पर यह विवाह सम्पन्नशिव विवाह की कथा है बड़ी अनोखी, ऐसे हुआ था भोलेनाथ का माता पार्वती से संपन्न हो गया। उन्होंने कहा किहिंदू धर्म में भगवान शिव को सभी देवी देवताओं में सबसे बड़ा माना जाता है। ऐसा भी कहा जाता है कि भगवान शिव ही दुनिया को चलाते हैं। वह जितने भोले हैं उतने ही गुस्सै वाले भी हैं। शास्त्रों के मुताबिक सोमवार का दिन भगवान शिव को समर्पित है. शिव जी को प्रसन्न करने के लिए लोग व्रत करते हैं. क्या आपको पता है कि भगवान शिव का विवाह बहुत ही अनूठा और और अद्भूत था। शिव विवाह से जुड़ी कई कथाएं प्रचलित हैं. कहते हैं कि भगवान शिव का विवाह बहुत ही अलग ढंग से हुआ था और उनकी बारात भी सबसे अलग थी सभी लोग शामिल हुए। श्री राम कथा में मंशापूर्ण हनुमान मंदिर निर्माण एवं श्री राम कथा में श्रीमती हेमलता कुशवाह नए दान स्वरूप देकर सहयोग प्रदान किया। जिनका व्यास जी द्वारा और सम्मान किया गया साथ ही उन्होंने श्री महाराज को गुलदस्ता देकर सम्मान किया उन्होंने कहा हम श्रीराम कथा सम्मान करते हैं। कथा में परीक्षक बृजभूषण सिंह तोमर मंशापूर्ण हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह यादव,जिला शिक्षा अधिकारी हरीभुवन सिंह तोमर,भाजपा नेता विनोद शिवहरे शर्मा,इंजीनियर पीके शर्मा,श्री आरती में शामिल होकर महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

**श्री राम कथा में राम जन्म का आज होगा प्रसंग**–श्री मंशापूर्ण हनुमान जी मंदिर की अनुकंपा से चल रही श्रीराम कथा में 17 फरवरी को राम जन्म की कथा का बहुत ही सुंदर वर्णन जनमानस परम पूजनीय श्री श्री 1008 रामस्वरूप आचार्य मुखारविंद से किया जाएगा आप सभी से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में राम जन्म की कथा में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें।



## ग्रासिम इंडस्ट्रीज विक्रम वूलन मालनपुर के सहयोग महिलाओं हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जाँच शिविर संपन्न

**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर शाखा द्वारा आज ग्रासिम इंडस्ट्रीज विक्रम वूलन मालनपुर के सहयोग से आज ग्राम मालनपुर में एक निशुल्क स्वास्थय शिविर का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता श्री रामवीर शर्मा जी उपस्थित थे उन्होंने सभी महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेंद्र सिंह कुशवाह उपस्थित थे उन्होंने सभी महिलाओं को मौसमी बीमारियों से बचने एवं स्वास्थ्य सफाई और सुरक्षा पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण डॉ



सपना भदौरिया जी द्वारा सामान्य बीमारियों की जांच की गई एवं डॉ पीयूष गौड़ दंत चिकित्सक डॉ विक्रम शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के पैरामेडिकल छात्र कु माधुरी राठौर, विकास, काजल साहू, नीलम लोधी, रविशंकर आदि की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय आशा कार्यकर्ता श्रीमती नारायणी शर्मा द्वारा किया गया। शिविर में 180 ग्रामीण नागरिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया। शिविर के अंत में गीता सूर्यवंशी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## दो अपराधियों पर ईनाम घोषित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक भिण्ड शैलेन्द्र सिह चौहान द्वारा म.प्र. पुलिस रेग्यूलेशन के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार घोषणा की जाती है कि कोई भी व्यक्ति बंदी बनाने या बंदी करवाने के लिए सही सूचना देने पर पुरूष्कृत किया जावेगा। अपराधी गोलू यादव पुत्र संदीप यादव निवासी अकोड़ा थाना ऊमरी पर 5 हजार रूपये एवं मुनीर खां पुत्र रहीम खां निवासी वार्ड क्र.18 इस्लामपुर थाना गोहद पर 3 हजार रूपये की ईनाम घोषित की गई है।

## कोविडकाल में माता-पिता को खोने वाले बच्चों को शिक्षा का लाभ निरंतर मिले : कलेक्टर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक से कहा है कि मार्च 2020 के बाद कोविडकाल में अपने माता-पिता दोनों अथवा किसी एक को खोने वाले बच्चों को शिक्षा का लाभ निरंतर प्राप्त हो यह सुनिश्चित किया जावे। आयोग के सत्यापन के समय अप्रीय स्थिति निर्मित न हो यह ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि मा.उच्च न्यायालय में भी इस संबंध में याचिका प्रचलित है। उक्त संबंध में प्रचलित याचिका में मा.न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को उपरोक्तानुसार बच्चों को लाभ प्राप्त होने के संबंध में सत्यापन किये जाने के निर्देश हैं।

## शुभ मुहूर्त में होगी होसुर बडेर में अखंड ज्योत की स्थापना

### अंखड ज्योत का समाज बंधुओं ने किया पूजन

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**


बेंगलुरू। सीरवी समाज होसुर से समाज बंधु



बेंगलुरु बलेपेट बडेर पहुंचे यहां श्री आई माताजी एवं अखंड ज्योत के दर्शन पूजन कर विधि-विधान पूर्वक कर अखंड ज्योत लेकर पदयात्रा ढोल बाजे के साथ नाचते गाते भजन कीर्तन कर श्री आई माताजी एवं अखंड ज्योत के जयकारा करते हुए यात्रा नवनिर्मित होसुर बडेर की और यात्रा प्रारंभ की यह अखंड ज्योत नवनिर्मित श्री आई माताजी मंदिर होसुर बडेर में विधि-विधान पूर्वक शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्थापित होगी।इस अवसर पर बलेपेट वडेर के अध्यक्ष शोभाराम चोयल ,सचिव नारायणलाल लचेटा, होसूर बडेर के अध्यक्ष तिलोकचंद परिहारिया उपाध्यक्ष थानाराम गेहलोत, सचिव तुलसीराम चावडिया, एस एच आर लेआट बडेर के अध्यक्ष फाउलाल परिहारिया, बलेपेट बडेर सेवासंघ संस्था के सचिव मिश्रीलाल , बलेपेट बडेर के कोषाध्यक्ष सुजाराम राठौड़, सह-कोषाध्यक्ष लक्ष्मण राम गेहलोत, सह -सचिव दलाराम देवड़ा ,आनेकल बडेर से एच.बाबूलाल गेहलोत, सचिव रतनलाल, भेराराम एंव क्षत्रिय बडेर के बड़ी सख्या में पदाधिकारी पदयात्री में सम्मिलित हुए।

## जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी की रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में अनूठी पहल

**पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर। सेवा एक ऐसा शब्द है जो बोलने में बहुत ही छोटा लगता है लेकिन इसके लाभ बहुत बड़े होते है इसलिए ये मत सोचो कैसे करनी है आप अपनी हैसियत के हिसाब से जो भी कर सकते है अवश्य शुरू करें फिर देखना आपको कितना अच्छा फील होता है फ्री का लालच किसी को मत दो रोजगार और स्वरोजगार के माध्यम से सेवा करने का प्रयास करें ताकि इसका लाभ सोसाइटी के साथ साथ उस परिवार को भी मिल सके जो इस कार्य को कर रहा है जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी इसी कड़ी में काम कर रही है। कल दिनांक 17। 02। 2023 को दोपहर में 12 बजे इसका उद्घाटन होने जा रहा है आप सभी सदर आमंत्रित है।

## महाशिवरात्रि महामहोत्सव पर शिवभक्तों द्वारा होगा भव्य संगीतमय भजन संध्या का आयोजन एवं सम्मान कार्यक्रम

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु भक्त भोले बाबा के दर्शन के लिए आते हैं, प्रमुख हिंदू तीर्थ स्थल श्री जागेश्वर नाथ महादेव की नगरी अति प्राचीन है जहां आकर भोले बाबा के भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण कर जीवन को धन्य करते हैं।महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव भक्तों की ओर से प्रतिवर्ष मंदिर के पास संगीतमय भजन संध्या का आयोजन होता है, जो इस वर्ष भी 18 फरवरी शनिवार को मंदिर बाजार चौक मंदिर के पास संगीतमय भजन संध्या का आयोजन शाम 6 बजे से रखा गया है जो देर रात तक चलेगा। जिसमें अनेक भजन गायक के साथ क्षेत्रीय स्थानीय



धार्मिक गीतों व भजनों की प्रस्तुति भी होगी। जो भी कलाकार धार्मिक भजन गीत तमूरा भजन,सारंगी आदि गीत प्रस्तुत करना चाहे वह भी मंच के माध्यम से कर सकते हैं। आयोजन में जिलेभर से आने वाली भोलेनाथ कि बारात का स्वागत सम्मान मंच के माध्यम से किया जाएगा। यह प्रयास पिछले कुछ वर्षों से शिव भक्तों के द्वारा लगातार हो रहा है जिसका उद्देश्य श्री जागेश्वर नाथ धाम का विकास है साथ ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधा के साथ-साथ भव्य दिव्य निर्माणकार्य हो और विशेष पर्व पर आयोजनों के द्वारा अनेक भक्त अपनी कला सस्कृति मंच के माध्यम से दिखाने का अवसर भी मिल सके। आप सभी भोले भक्तों से उपस्थिति के लिए विशेष निवेदन है।

## कमजोर वर्ग को सशक्त कर रही है सरकार: मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

**शिवपुरी।** खेल एवं युवा कल्याण तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में विकास यात्रा कार्यक्रम आज शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गणेशखेडा में आयोजित किया गया। इस दौरान खेल मंत्री द्वारा 58.09 लाख रूपए की राशि के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री दर्जा प्रहलाद भारती, जिलाध्यक्ष राजू बाथम, कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। खेल मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा जनहितैषी योजनाएं संचालित की जा रही है। जिनसे गांव-गांव में हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। सरकार कमजोर वर्गो को सशक्त कर रही है। विकास यात्रा के माध्यम से भी हितग्राहियों को विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत निरामयम योजना समेत प्रदेश की बेटियों के लिए लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ हितग्राहियों को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा का मुख्य उद्देश्य कमजोर वर्ग के लोगों को



सशक्त बनाना है। साथ ही उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने ग्राम पंचायत गणेशखेडा में 14.87 लाख रूपए की राशि के एप्रोच रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण, विधायक निधि से 12 लाख रूपए की राशि के बरघाट नाले पर चैक डेम निर्माण का शिलान्यास, 20 लाख रूपए की राशि के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण, 11.22 लाख रूपए की राशि के आंगनवाड़ी भवन गणेशखेडा का शिलान्यास किया। उन्होंने लाडली लक्ष्मी योजना अंतर्गत कविता लोधी, मानवी लोधी, श्रष्टि जाटव एवं परी लोधी, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किशनलाल प्रजापति, म?बूत सिंह परिहार एवं रामस्वरूप लोधी, पेंशन योजना में इमरत रजक एवं रमेश झा को वृद्धावस्था पेंशन का प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत उत्कृष्ट छात्राओं में पूजा लोधी एवं मंजेश कारपेंटर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही योग के लिए संध्या को, चित्रकला में हर्षिता को, उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम अंतर्गत प्रियंका लोधी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए अंशिका कारपेंटर को सम्मानित किया गया।

**स्व सहायता समूह से किया संवाद**–मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने गणेश खेड़ा में संचालित स्व सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया।अवस्थी लोधी, ऋांति, पुष्पा, ओमवती एवं रामप्यारी लोधी को व्यवसाय के लिए 5 लाख रूपए की ऋष्ण की राशि का स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुष्पा लोधी ने अपनी सफलता की कहानी भी सुनाई।

## किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना, सरसों एवं मसूर के उपार्जन हेतु पंजीयन 28 फरवरी तक करायें

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिले के सभी कृषक भाई शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना, सरसों एवं मसूर के उपार्जन हेतु पंजीयन ई-पोर्टल पर 28 फरवरी तक करायें। गेहूं का समर्थन मूल्य 2125, सरसों का समर्थन 5450, चना का समर्थन मूल्य 5335 एवं मसूर का समर्थन मूल्य 6 हजार रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। जिला आपूर्ति अधिकारी भिण्ड ने बताया कि जिले के कृषक ई-पोर्टल पर पंजीयन ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, जनपद पंचायत कार्यालय में सुविधा केन्द्र पर, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, सहकारी समितियों एवं विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर तथा एमपी किसान एप पर करा सकेंगे।

## अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की स्मृति में चल रहे मंत्री कप 2023 के 16 वे दिन के मैच






**मुंगावली से जितेंद्र राय की रिपोर्ट**

बल्लेबाजी करते हुए ढुंडेर ने मात्र 75 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए बिल्हेरू ने आखिरी ओवर की पहली बाल पर बना लिए । दिन का दूसरा मैच वार्ड 14 मुंगावली और बिजौरी के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए बिजौरी ने मात्र 77 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए वार्ड 14 ने 6 ओवर में बना लिए और ये मैच 9 विकेट से जीत लिया। दिन का तीसरा मैच अमरोद और जरौली बुजुर्ग के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए 103 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए जरौली ने आखिरी ओवर में लक्ष्य का पीछा कर लिया और ये मैच 7 विकेट से जीत लिया । दिन का चौथा मैच सुरैल और ढिचरी के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए ढिचरी ने मात्र 95 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए सुरेल के वीरभान ने आखिरी ओवर में छक्का मार कर जीता दिया। आज के मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह अमरोद, राजपाल यादव, लखन यादव जिला संयोजक संस्कृति प्रकोष्ठ, खलक सिंह यादव, उत्तम यादव, रामराजा दांगी, जगदीश यादव, शिवजीत यादव,चंद्रपाल यादव, पुष्पेंद्र दांगी, कृष्णा यादव, और अर्जुन बृजेंद्र सिंह मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

### अपनी सरकार की राह

सुप्रीम कोर्ट द्वारा नये केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को हरी झंडी दिखाने से प्रदेश में लोगों की अपनी चुनी हुई सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। दरअसल, इस केंद्र शासित प्रदेश में परिसीमन को चुनौती देने वाली याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। हालांकि, इन याचिकाओं को खारिज करने के फैसले का राज्य में वर्ष 2019 में केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर कोई प्रभाव नहीं होगा। निस्संदेह, इस फैसले के बाद विधानसभा चुनाव में किसी देरी को तार्किक ठहराना अब केंद्र सरकार के लिये मुश्किल होगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा की सीटों के पुनर्निर्धारण का आधार 2011 की जनगणना को बनाये जाने को लेकर अकसर सवाल उठाये जा रहे थे। दलील दी जा रही थी कि परिसीमन प्रक्रिया 2026 में की जानी थी। इस पर केंद्र सरकार की तरफ से दलील दी गई थी कि केंद्र शासित प्रदेश में जनता को अपनी चुनी हुई सरकार देने की प्रक्रिया में अब और विलंब नहीं किया जा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो दलील दी जायेगी कि केंद्र प्रदेश में वक्त पर चुनाव करवाने से वायदे से मुकर रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि केंद्र शासित प्रदेश में लोकसभा व विधान सभा सीटों का परिसीमन करने वाले आयोग ने पिछले वर्ष मई में अंतिम रिपोर्ट में चुनावी नक्शे को फिर से तैयार किया था। इस नये परिसीमन के बाद इस केंद्र शासित प्रदेश में अब जम्मू के लिये छह और कश्मीर के लिये एक अतिरिक्त निर्वाचन क्षेत्र की अनुशंसा की गई थी। परिसीमन आयोग ने जो नया चुनावी प्रारूप तैयार किया है उसमें इस प्रदेश के लिये कुल विधानसभा सीटों की संख्या 83 से बढ़कर 90 हो गई है। उल्लेखनीय है कि पाक अधिकृत कश्मीर वाले क्षेत्र की 24 सीटों को प्रतीकात्मक रूप से इसमें शामिल नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में पीडीपी तथा भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन टूटने के बाद राज्य में राज्यपाल शासन लग गया था। जिसके चलते यहां चुनाव की प्रक्रिया सिरे न चढ़ सकी। कालांतर अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म करने के बाद राजनीतिक अस्थिरता के चलते लोकतांत्रिक प्रक्रिया में ठहराव आ गया। अब एक बार फिर इस केंद्र शासित प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां जोर पकड़ने लगी हैं। अब चुनाव की तिथियों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, विगत में चुनाव करवाने को लेकर की गई तमाम भविष्यवाणियां सच की कसौटी पर खरी नहीं उतरी थीं। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार बार-बार कहती रही है कि जब भी इस प्रदेश में सामान्य स्थिति और शांति बहाल होगी, निर्धारित अवधि के बीच स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाना संभव हो सकेगा। निस्संदेह, एक परिपक्व लोकतंत्र के लिये स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनाव कराना अपरिहार्य ही है। इस बात में दो राय नहीं हो सकती कि लोगों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार है। यदि कोई सरकार ऐसा करती है तो वह किसी पर अहसान नहीं कर रही होती है। अब केंद्र सरकार को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सामान्य स्थिति लाने के लिये तत्काल प्रभाव से काम करना चाहिए। केंद्र को प्रदेश में विश्वास बहाली के लिये अतिरिक्त प्रयास करने चाहिए। जम्मू-कश्मीर के लोगों को मतदान करने का अधिकार यथाशीघ्र देना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता तो यह प्रदेश की जनता की भावनाओं से खिलवाड़ करने जैसा होगा। निस्संदेह, अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बावजूद अनुमानों के अनुरूप प्रदेश में आतंकवाद का पूरी तरह सफाया नहीं हो सकता है। हां, उसकी आवृत्ति में कमी जरूर आई है। केंद्र व सेना की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति किसी हद तक कामयाब हुई है। छुटपुट घटनाओं को अंजाम देने के अलावा चरमपंथी कोई बड़ा हमला करने में नाकामयाब रहे हैं।

# बुलडोजर और आग की लपटें

**अब बुलडोजर कार्रवाई का एक और भयावह परिणाम उत्तरप्रदेश में देखने मिला है। कानपुर देहात रूरा थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासन की टीम ने एक परिवार की झोपड़ी पर बुलडोजर चलवा दिया। इसी दौरान उसमें आग लग गई और मां-बेटी की जलकर मौत हो गई।**

उत्तरप्रदेश में कानून व्यवस्था का दम दिखाने के नाम पर पिछले कुछ वक्त से बुलडोजर कार्रवाई काफी सुर्खियों में रही है। माफिया और गुंडा राज को खत्म करने के लिए उप्र पुलिस प्रशासन उनके ठिकानों पर बुलडोजर चलाता है। अपराधियों को सख्त संदेश देने के इस तरीके पर योगी सरकार खूब चर्चा में रही है। पिछले साल अप्रैल में ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन गुजरात आए थे, तो वे भी बुलडोजर पर सवार हुए थे। इसे एक तरह से बुलडोजर कार्रवाई को अंतरराष्ट्रीय मान्यता के तौर पर निरुपित किया गया। इस साल जनवरी में खबर आई कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू आतंकवादियों पर कार्रवाई के लिए योगी का बुलडोजर मॉडल अपना रहे हैं। रक्षा और जासूसी दोनों ही क्षेत्रों में इजरायल की तूती अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बोलती है। और अगर इजरायल उप्र मॉडल पर चले तो राष्ट्रवादियों की खुशी स्वाभाविक है। देश के भी कई राज्यों में अपराधियों से निपटने के लिए बुलडोजर कार्रवाई धड़ल्ले से की गई। इस पर नागरिक समाज की ओर से चिंता भी जतलाई गई कि क्या कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने का यह तरीका सही है।बापू का तो संदेश है अपराध से घृणा करो, अपराधियों से नहीं। मगर बुलडोजर कार्रवाई से अपराध की जगह अपराधियों को ही निशाने पर लिया जा रहा है और उनके साथ पूरे परिवार को संकट में डाला जा रहा है। कक्रीट की इमारतों को अपराधी का ठिकाना बताकर बुलडोजर ढहाते हैं, वे असल में किसी का घर होते हैं, जिनमें एक नहीं, कई जिंदगियां गुजर-बसर करती हैं। अकेले अपराधी को इससे सजा नहीं मिलती, पूरा परिवार इस सजा को भुगतता है। वैसे भी अपराधी को सजा न्यायपालिका के आदेशानुसार ही मिलनी चाहिए। फिर चाहे वह कैद हो या जुमार्ना, या दोनों। बुलडोजर चला कर अपराध को नहीं, मानवाधिकारों को कुचला जाता है। इसके कई उदाहरण प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक बीते वक्त में सामने आए हैं। अब बुलडोजर कार्रवाई का एक और भयावह परिणाम उत्तरप्रदेश में देखने मिला है। कानपुर देहात रूरा थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासन की टीम ने एक परिवार की झोपड़ी पर बुलडोजर चलवा दिया। इसी दौरान उसमें आग लग गई और मां-बेटी की जलकर मौत हो गई। इस घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है। वीडियो में एक आवाज सुनाई दे रही है कि श्देखो भैया देखो, मेरी मम्मी जल रही हैं।श वीडियो में जलती हुई आग की लपटें दिख रही हैं और दो लोगों के जोर-जोर से बिलखने की आवाज आ रही है।

जानकारी के मुताबिक यह झोपड़ी कृष्ण गोपाल दीक्षित की थी। इसे अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर से तोड़ने जब टीम पहुंची तो इसमें आग लग गई और कृष्ण गोपाल की पत्नी और 23 साल की बेटी दोनों इसमें झुलस गए। आग का सही कारण शायद निष्पक्ष जांच के बाद सामने आए। क्योंकि एक ओर ये कहा जा रहा है कि कृष्ण गोपाल की पत्नी और बेटी ने विरोध में खुद को आग लगा ली, यानी आत्महत्या कर ली। वहीं परिवार का पुलिस पर गंभीर आरोप है कि पुलिस ने झोपड़ी में आग लगाई थी, जिस कारण दोनों महिलाओं की मौत हो गई। चार लोगों के इस परिवार में अब पिता और बेटा ही बच गए हैं। अपनी पत्नी और बेटी को बचाने की कोशिश के दौरान कृष्ण गोपाल भी बुरी तरह झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस पूरी घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया और हालात संभालने के लिए सरकार ने एसडीएम, लेखपाल, एसओ सहित करीब 24 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। अब सरकार से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे और सरकारी नौकरी की मांग की जा रही है। मुमकिन है लोगों का गुस्सा शांत करने के लिए इस मांग को सरकार मान ले। लेकिन इस सबका हासिल क्या हुआ। क्या अतिक्रमण जैसे गैरकानूनी काम पर इससे रोक लग जाएगी, या अपराध खत्म हो जाएंगे। उप्र की मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर है, जिसमें वे निर्देश दे रहे हैं कि अपराधियों, माफियाओं के ठिकानों पर बुलडोजर चले, लेकिन किसी गरीब के घर पर नहीं। क्या अधिकारियों तक यह निर्देश स्पष्ट नहीं पहुंचा, या फिर वे सरकार की बात नहीं मान रहे हैं या ओहदे का रुतबा बुलडोजर के साथ मिलकर दोहरा कहर ढा रहा है। मंडौली गांव की घटना से कुछ और सवाल भी उपज रहे हैं, जैसे मां-बेटी ने क्या सचमुच आत्महत्या की। विरोध का कोई और रास्ता उन्होंने क्यों नहीं अपनाया। अगर वे अपनी जान लेने पर मजबूर हुईं, तो यह मजबूरी क्यों उपजी। किस लाचारी के डर ने उन्हें अपनी जान लेने पर मजबूर कर दिया। जब कृष्ण गोपाल अपनी पत्नी और बेटी को झुलसने से बचा रहे थे, तब वहां मौजूद प्रशासनिक टीम ने इसमें मदद क्यों नहीं की। इतने सारे लोग मिलकर दो लोगों को जिंदा जलते देखते रहे, तो क्या देश से मानवता की अर्थी उठने की घोषणा है। क्या इस घटना के बाद बुलडोजर कार्रवाई पर पुनर्विचार किया जाएगा। या फिर बुलडोजर के साथ अग्निशमन वाहन भी भेज दिया जाएगा, कि इधर आग लगे और उधर बुझाने का इंतजाम हो जाए।बुलडोजर और आग से जलकर मौत की इस घटना पर अब राजनीति भी शुरू हो गई है।

# चीन की खतरनाक चाल

आदित्य नारायण

**चीन ने अक्साई चिन के इलाके पर 1950 के दशक में कब्जा कर लिया था। भारत लंबे समय तक इस मामले से अनभिज्ञ रहा, 1957 में भारत को पता चला कि इलाके में चीन ने सड़क निर्माण तक शुरू कर दिया है। भारत ने इसकी खबर मिलते ही विरोध जताया। भारत के विरोध जताने के साथ इस इलाके को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे विवाद की शुरूआत हुई।**

अब आसमान में चीनी जासूसी गुब्बारे लगातार फोड़े जा रहे हैं और अमरीका, कनाडा और अन्य पश्चिमी देश चीन के खिलाफ आग उगल रहे हैं, इससे ड्रैगन पूरी तरह से बौखला चुका है। भारत की रक्षा तैयारियों से भी वह काफी परेशान हो चुका है। हर तरफ से तीखी प्रतिक्रियाओं से परेशान चीन चौतरफा आक्रामक कदम उठा रहा है। कुछ दिन पहले दक्षिणी चीन सागर के द्वीपों को लेकर हुए विवाद के बाद अब उसने भारत के इलाके अक्साई चिन में एक बार फिर बड़ी चाल चल दी है। अपनी विस्तारवादी नीतियों के तहत चीन अब भारत से लगती एलएसी के करीब तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में रेलवे लाईन बिछाने की योजना पर काम कर रहा है। यह रेलवे लाइन भारत के लिए काफी चिन्ता की बात है, इस बात का अंदाजा इससे लग सकता है कि अक्साई चिन से होकर गुजरने वाला शिजियांग तिब्बत राजमार्ग ही भारत और चीन के बीच तनाव भड़कने का कारण बना था और इसके बाद 1962 में इसको लेकर युद्ध हो गया था। तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के विकास और सुधार आयोग ने अपनी रेलवे नेटवर्क विस्तार की योजना का खुलासा कर दिया है। जिसके तहत 2025 तक मौजूदा 1400 किलोमीटर से 4 हजार किलोमीटर तक और 2035 तक 5 हजार किलोमीटर तक रेलवे नेटवर्क का विस्तार मार्गों को बिछाने की योजना भी शामिल है जो चीन से लगती भारत और नेपाल की सीमा के करीब से गुजरेंगे। चीन की प्रस्तावित रेलवे लाइन तिब्बत से शिगात्से से शुरू होकर उत्तर पश्चिम में नेपाल सीमा तक जाएगी। दूसरी तरफ यह अक्साई चिन से होकर गुजरते हुए शिष्जियांग प्रांत के होटान में खत्म होगी। यह रेलवे लाइन अक्साई चिन के रोटोग और चीन के इलाके में पैगोंग झील के पास से होकर गुजरेगी। चीन रेलवे लाईन नेटवर्क के विस्तार से दो उद्देश्य पूरे करना चाहता है। एक तो चीन सीमावर्ती क्षेत्रों को एकीकृत करने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर सीमा पर तेजी से सेना जुटाने की क्षमता विकसित करके सीमा सुरक्षा को बढ़ावा देना चाहता है। दूसरी तरफ वह तिब्बत के आर्थिक एकीकरण में तेजी लाना चाहता है। अक्साई चिन का ये इलाका तिब्बती पठार के उत्तर-पश्चिम में है, ये कुनलुन पर्वतों के ठीक नीचे का इलाका है। अगर ऐतिहासिकता में देखा जाए तो ये इलाका भारत को मध्य एशिया से जोड़ने वाले सिल्क रूप का हिस्सा था। सैकड़ों सालों तक ये मध्य एशिया और भारत के बीच संस्कृति, बिजनेस और भाषा को जोड़ने का माध्यम रहा है, अक्साई चिन लगभग 5,000 मीटर ऊंचाई पर स्थित एक नमक का मरुस्थल है। इसका क्षेत्रफल 42,685 वर्ग किलोमीटर है, ये इलाका निर्जन है यहां स्थाई बस्तियां नहीं हैं। चीन ने अक्साई चिन के इलाके पर 1950 के दशक में कब्जा कर लिया था। भारत लंबे समय तक इस मामले से अनभिज्ञ रहा, 1957 में भारत को पता चला कि इलाके में चीन ने सड़क निर्माण तक शुरू कर दिया है। भारत ने इसकी खबर मिलते ही विरोध जताया। भारत के विरोध जताने के साथ इस इलाके को लेकर दोनों देशों के बीच लंबे विवाद की शुरूआत हुई। बाद में ये विवाद युद्ध में भी बदला जब चीन ने भारत पर हमला किया था, इस इलाके में बनाई गई सड़क को पहली बार चीन ने 1958 में अपने नक्शे में दिखाया था। ये भारत द्वारा जताए गए विरोध के खिलाफ चीनी दादाघिरी थी। अब चीन एक बार फिर दादागिरी दिखा रहा है और भारत पूरी तरह से चौकस हो चुका है। यद्यपि चीन की इन खबरों की 33 महीनों से सीमा पर जारी गतिरोध के बीच मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के हथकंडे के रूप में भी देखा जा रहा है। भारत ने भी चीन की चुनौती का सामना करने के लिए अपनी सरहदों को मजबूत बनाने का काम शुरू कर दिया है। चीनी सीमा के निकट रणनीतिक महत्व वाले इलाकों में भारत भी रेलमार्ग बिछा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में भारतीय रेलवे की मौजूदगी चार प्रस्तावित रेलमार्गों से दर्ज होगी। जिनमें से तीन उत्तर पूर्व और एक उत्तर में स्थित है। यह रेल मार्ग भारतीय रेल नेटवर्क को 1352 किलोमीटर तक लेकर जाएंगे। यह रेल मार्ग पूरा होने के बाद चीन के किंग हाई-तिब्बत मार्ग को पछाड़कर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलमार्ग बन जाएगा। अरुणाचल में भी तेजी से सड़कों और पुलों का निर्माण जारी है। सियांग में क्लास-70 ब्रिज भारत की सुरक्षा तैयारी का हिस्सा है। इस पुल से 70 टन वजन के सैन्य उपकरण सीमा क्षेत्रों में आसानी से पहुंचाए जा सकते हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले महीने ही इस पुल का उद्घाटन किया था। बीते दो सालों में सीमावर्ती इलाकों में 200 से ज्यादा प्रोजैक्ट तैयार हो चुके हैं। इसके अलावा भारतीय वायुसेना ने लगातार अपनी ताकत में जबरदस्त इजाफा किया है। भारतीय वायुसेना के पास अब हर तरह के लड़ाकू विमान हैं। बेंगलुरु में आयोजित एयर शो में भारतीय सैन्य ने अपना दमखम दिखा दिया है। चीन की चुनौतियों का मुकाबला हम अपनी रक्षा मजबूत करके ही कर सकते हैं। रक्षा क्षेत्र में हम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। भारत को सीमाओं पर शांति बनाए रखने के लिए प्रचंड ताकत की जरूरत है जो हम हासिल कर रहे हैं। चीन को भी इस बात का अहसास है कि भारत अब 1962 वाला भारत नहीं बल्कि 2023 का भारत है।

00000

# वैश्विक शांति को बड़ा खतरा

## एक वर्ष बाद भी रूस यूक्रेन युद्ध जस का तस

संजीव ठाकुर

रूस यूक्रेन युद्ध को प्रारंभ हुए 365 दिन से ज्यादा हो चुके यानी 1 वर्ष बाद भी रूस यूक्रेन युद्ध जस का तस है, दोनों देशों में अरबों रुपए की बर्बादी हुई है और लगभग 60,000 सैनिक और एक लाख नागरिक मृत्यु को प्राप्त हो चुके हैं। इतने नुकसान के बाद भी न तब व्लादिमीर पुतिन को अकल आई है और ना ही यूक्रेन के युवा राष्ट्रपति व्लादीमीर जेलेन्सकी को युद्ध रोकने का ख्याल आया है । करेला ऊपर से नीम चढ़ा अमेरिका, ब्रिटेन और तमाम यूरोपीय देश यूक्रेन को बढ़-चढ़कर आर्थिक तथा सामरिक मदद करने में लगे हुए हैं खबर यह भी है कि अमेरिका तथा ब्रिटेन जैविक हथियार रूस के विरुद्ध यूक्रेन को सप्लाई करने की मनह स्थिति बना चुके हैं ऐसे में वैश्विक शांति को बहुत बड़ा खतरा हो जाएगा फिर स्थिति संभाले नहीं संभल पाएगी। अभी फिर वर्तमान में अमेरिका और ब्रिटेन यूक्रेन को बड़ी मदद करने को तैयार हो गए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक यूक्रेन के यात्रा के दौरान कई लाखों पाउंड और हथियारों की मदद का वादा कर आए हैं. जाहिर तौर पर यूक्रेन का हौसला काफी बढ़ा हुआ है हालाकी यूक्रेन ने रूस के साथ युद्ध में भारी तबाही का सामना करना पड़ा है नुकसान दोनों देशों को बहुत हुआ है वैसे भी युद्ध में कुछ हासिल होता नहीं है पर युद्ध रोकने के बदले अमेरिका ब्रिटेन और यूरोपीय देश अभी भी यूक्रेन को उकसाने में लगे हुए जो विश्व शांति के लिए बहुत बड़ा खतरा साबित हो सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कभी भी अपनी सनक में परमाणु बम का इस्तेमाल कर पूरी मानव जाति को खतरे में डाल सकते हैं,ऐसे में भारत ही एक ऐसा देश है जो युद्ध रोकने के लिए दोनों देशों की मदद कर सकता है,रूस, यूक्रेन युद्ध तात्कालिक कारणों से नहीं हो रहा है, इसके पीछे अमेरिका की षड्यंत्र वादी नीतियों की कई साजिशें अंतर्निहित हैं अमेरिका सदैव रूस को वैश्विक



जन मंच पर नीचा दिखाना चाहता रहा है। जिस तरह पूर्व में सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक रूस( यू.एस.एस.आर) के उसने कई टुकड़े करवाएं थे, उसी मंसूबों को लेकर आगे बढ़ते हुए उसने लगभग 26 स्थानों पर जैविक बम बनाने के केंद्र अलग-अलग देशों में स्थापित कर रखे हैं, ताकि जब भी मौका लगे अमेरिका उस देश से दुश्मन देशों पर जैविक हथियारों से हमला कर उनकी स्थिति कमजोर कर अपनी नीतियों का गुलाम बना सके स यूक्रेन में भी तीन महत्वपूर्ण स्थानों में अमेरिका जैविक हथियार बनाने के केंद्र चला रहा था। निश्चित तौर पर रुस को इसकी जानकारी लग चुकी थी, इन जैविक हथियारों का प्रयोग यूक्रेन में रखने का अमेरिकी मकसद सिर्फ और सिर्फ यही था कि इन हथियारों का प्रयोग या तो वह बेलारूस अथवा रूस पर करना चाह थास रूस अमेरिका के इस षड्यंत्र को अच्छे से समझ चुका था। दूसरी तरफ यूक्रेन को अमेरिका तथा यूरोपीय संगठन और नैटो की दोस्ती पर अंधा भरोसा था,वह रूस की चेतावनी को लगातार अनसुनी कर नैटो देशों सदस्य बनने का मैराथन प्रयास कर रहा थास रूस को यूक्रेन तथा यूक्रेन में रहने वाले पूर्व रूसी नागरिकों की यह हरकत नागवार गुजरीस रूस पिछले कई वर्षों से यूक्रेन को यूरोपीय देशों तथा नेताओं से संपर्क न रखने के लिए तथा अमेरिकी नियंत्रण को यूक्रेन से हटाने के लिए यूक्रेन के हुक्मरानों को चेतावनी देता रहा है। पर व्लादीमीर जेलेंस्की के राष्ट्रपति बनने के बाद यूक्रेन की रूस विरोधी हरकतें तथा प्रतिक्रिया तेज होकर अमेरिकी समर्थन में ज्यादा होने लगीस अमेरिका रूस पर दबाव डालने के लिए यूक्रेन को अपना सामरिक अड्डा बनाने के षड्यंत्र के तहत यूक्रेन की लगातार आर्थिक सामरिक मदद कर रहा था। जाहिर तौर पर रूस अमेरिका की हरकत को पिछले कई वर्षों से पैनी नजर रख यह अनुभव कर रहा था कि अमेरिका के रूस के प्रति इरादे ठीक नहीं हैं। रूस ने पिछले कई वर्षों से यूक्रेन को संभलने तथा अमेरिका से अलग होने की समझाइश भी दी थी। जेलेंस्की ने रूस में रूसी भाषा पर प्रतिबंध लगाकर रूस को और क्रोधित कर अपना घोर विरोधी बना लिया था। जिसकी परिणति आज यूक्रेन बहुत बुरी तरह से भुगत रहा हैस रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने राष्ट्र के विभाजन का दर्दनाक स्वरूप देखा था ।वह अब रूस को फिर से उसी रूप में संयुक्त करना चाहता है ।रूस ने सदैव यूक्रेन को नाटो देशों का सदस्य न बनने देने पर अपने वीटो पावर का इस्तेमाल किया। दूसरी वजह यह भी थी कि यूक्रेन से होकर जर्मनी तक रूस की गैस तथा तेल की पाइप लाइन बनाकर वह यूरोपीय देशों को कच्चा तेल तथा गैस सप्लाई बड़े आर्थिक आधार पर कर रहा थास तीसरी वजह रूस यूक्रेन युद्ध की यह रही कि रूस ने सदैव यूक्रेन को चेतावनी दी थी कि अमेरिका को यूक्रेन में सामरिक महत्व का अड्डा ना बनाने दिया जाए जाहिर तौर पर यूक्रेन के सारे प्रशासन पर अमेरिका के इशारे पर गतिविधियां निर्धारित की जाती रही हैं। इससे रूस को अपने अस्तित्व पर खतरा नजर आने लगास इसके अलावा बाहुबली रूस यूक्रेन को सबक सिखाने के साथ यूरोपीय देशों तथा अमेरिका को भी सबक सिखाना चाहता हैस 20 दिनों के यूक्रेन से युद्ध में रूस ने अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा एवं अन्य यूरोपीय देशों को यह बहुत बेहतर तरीके से समझा दिया है कि रूस अभी भी सुपर पावर है एवं आर्थिक प्रतिबंधों से उस पर कोई तात्कालिक प्रभाव नहीं पड़ने वाला हैस पर यह तो निश्चित हो गया की यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की की सारी भ्रांतियां, भ्रम एवं मुगालता इस युद्ध की विभीषिका और बड़े आर्थिक नुकसान से दूर हो गया कि मौका पड़ने पर रूस और नैटो देश के साथ अन्य यूरोपीय देश उसको खुल कर सैन्य मदद करेंगे पर ऐसा कुछ हुआ नहीं। ये सारे देश यूक्रेन को युद्ध लड़ते देख सिर्फ बाहर खड़े होकर तमाशाबिन बने रहे,और सिर्फ उकसाने का काम ही करते रहे, किसी ने भी इस युद्ध में यूक्रेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर रूस के विरुद्ध मैदान में युद्ध करने की हिम्मत नहीं दिखाई। ये तो यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की और वहां की आम जनता का साहस, आत्मविश्वास एवं लड़ने की अदम्य इच्छा शक्ति के कारण ही रूस की सेना के विरुद्ध 8 माह से लड़ाई लड़कर टिके हुए हैं।

# समावेशी विकास व भारत को विश्व की आर्थिक शक्ति बनाने वाला है बजट: प्रतीक तिवारी

## भारतीय जनता युवा मोर्चा,ग्वालियर महानगर द्वारा केंद्रीय बजट 2023 के घोषित होने के उपरांत 'भारत की अर्थव्यवस्था पर परिचर्चा' का आयोजन किया गया, कार्यक्रम प्रेस्टीज कॉलेज, ग्वालियर में संपन्न हुआ





**पुष्पांजली टुडे**

कार्यक्रम में स्वागत भाषण व कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए भाजयुमो के जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने बताया कि भारत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्व के सम्मुख शीर्ष 5 इकोनॉमी में शामिल हुआ है भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है अमृतकाल के इस पहले बजट में सप्तऋषि सी चमक दिखाई पड़ती है अमृतकाल का यह बजट समग्र एवं समावेशी विकास,अंतिम व्यक्ति तक पहुंच,वित्तीय क्षेत्र को बढ़ावा देना,युवाओं की क्षमताओं को प्रोत्साहन एवं प्राथमिकता,बुनियादी ढांचे का विकास,निवेश की बढ़ती संभावनाएं,रोजगार सृजन,कृषि क्षेत्र में हरित विकास के लक्ष्य को प्राप्ति,वंचित वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने वाला मध्यमवर्ग की उम्मीदों को पूरा करने वाला बजट है

आज भारत दुनिया का सबसे बडा बाजार है उसके अनुरूप हमारी युवा शक्ति स्किल्ड फोर्स के रूप में विकसित करना भी हम सबकी महती जिम्मेदारी है आज यूथ एक्टिविज्म में आर्थिक विमर्श एक महत्वपूर्ण भाग है और हम सभी युवा साथी सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं को जनमानस के बीच ले जाने हेतु स्वयं की समझ को आर्थिक विषयों पर बढ़ाने की आवश्यकता है भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण का युग है ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हो या ऑनलाइन शॉपिंग इन सारी बातों को गंभीरता से समझने की आवश्यकता है हम मध्यमवर्ग केंद्रित बजट को लोगो के बीच लेकर जाए व सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का उन्हें लाभ मिल सके। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता,प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर सुधीर भदौरिया ने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट युवा केंद्रित भी है जहां एक ओर सरकार कौशल विकास को ने आयाम दे रही है वहीं सरकार का 150 से ज्यादा नर्सिंग कॉलेज खोलने का निर्णय स्वास्थ्य क्षेत्र में सराहनीय कदम है सरकार भारत को मीलेट्स मोटे अनाज के ग्लोबल हब के रूप में विकसित करना चाहती है इस बजट में 20 लाख करोड़ रुपए के कृषि ऋण को बढ़ाया गया है युवाओं के कृषि स्टार्टअप हेतु विशेष लोन की व्यवस्था है राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय भी एक बड़ा कदम है इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास की दृष्टि से 50 नए एयरपोर्ट बनाना तय किया गया है 5जी सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है टेक्स स्लेब को मध्यमवर्ग के लिए राहत भरा बनाया गया है वहीं रक्षा और स्वास्थ्य बजट पर बडा व्यय करने की योजना है

**कार्यक्रम को भाजयुमो के जिला प्रभारी विनय जैन ने भी संबोधित किया**-परिचर्चा में भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक चौहान जी, भाजयुमो के प्रदेश मंत्री हरीश यादव जी, हरिओम झा जी , डिंपल चौहान जी , कुलदीप यादव जी , युवा मोर्चा के जिले के पाधिकारीगण व मंडल अध्यक्षगण मुख्यरूप से उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन राहुल भदौरिया जी व आभार रोहित भाटिया जी ने व्यक्त किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर हिंडोरिया के वार्षिक उत्सव में शामिल हुए पूर्व विधायक

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**




दमोह। सन् 1953 में उत्तरप्रदेश के गोरखपुर में स्थापित भारत देश के पहले सरस्वती शिशु मंदिर के पहले 4 छात्रों में से एक देवेंद्र प्रताप सिंह पूर्व विधायक महरौनी के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती शिशु मंदिर हिंडोरिया में वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने खुद के जीवन के अनुभव सभी से साझा किए एवं बताया कि किस प्रकार सरस्वती शिशु मंदिर से उनको संस्कार, सेवाभाव एवं अनुशासन सीखने मिला वह अनुकरणीय है । जिसके कारण आज 75 वर्ष की आयु में भी उनके अंदर सरलता और सहजता दिखाई देती है वह इसी शाला के दिए संस्कार हैं और इस उम्र में भी हम अपने व्यवसाय एवं परिवार के सारे दायित्वों को अच्छी तरह से निर्वहन कर रहे है। इस अवसर पर मंच से राहुल सिंह अध्यक्ष मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन ने कहाँ कि आजादी के अमृत महोत्सव में देवेंद्र प्रताप सिंह को प्रणाम करता हूं एवं उनकी दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना ईश्वर से करता हूं। उनकी सरलता एवं सहजता इसी बात से समझ में आती है कि मेरे फोन पर आमंत्रण मात्र पर ही वह इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

## प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने दीवार लेखन किया

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**




दमोह। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह नवांकुर संस्था वतन एकता समाज कल्याण एवं विकास समिति द्वारा विकास यात्रा में इमलिया सेक्टर में प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के द्वारा दीवार लेखन किया गया है जिसमें इमलिया सगौनी, कला दसौदा, रामगढ़ सूरादेही, लकलका, महुआखेडा, लमतीमाल, बडयाऊ,भूरी अर्थखेडा शामिल हैं सभी सेक्टर इमलिया प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने अपनी अपनी ग्राम पंचायत मैं सहयोग किया गया। इस दौरान नंवाकुर संस्था कि अध्यक्ष बबली विश्वकर्मा,डॉ वीर सिंह,उमेद सिंह, अशोक सिंह, भैयन सिंह एवं समस्त समिति के सदस्यों की उपस्थिति रहीं।

## बिसोनी शिव मंदिर से निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा

### आज पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं भव्य शिव बारात का होगा आयोजन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**



बालाघाट जिले की लांजी तहसील में हरदेव लोधी समाज महिला समिति द्वारा आयोजित पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार कार्यक्रम के तहत 16 फरवरी को 108 उपज्योतीर्लिगों में शामिल दादा कोटेश्वर महादेव की पावन नगरी लांजी अंतर्गत ग्राम बिसोनी के मण्डल टोला के शिवमन्दिर में हरदेव लोधी महिला समिती एवं ग्रामवासियों के द्वारा शिव पूजा का महापर्व महाशिवरात्रि पर्व काड़ स्वागत गांव में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कलश एवं जवारे सिर पर धारण कर आकर्षक रूप में भव्य शोभायात्रा निकालकर ग्राम का भ्रमण किया गया। यात्रा भ्रमण पश्चात शिव मंदिर पहुंची। जंहा कलश यात्रा के समापन पश्चात संध्या बेला में मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित किया गया एवं सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन को लेकर शिव भक्तों में काफी उत्साह देखा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मेंहरदेव लोधी महिला समिती ने सभी ग्रामवासी, श्रद्धालु गण को साधुवाद प्रेषित की है, तथा शेष आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील जमुना कचलाहे, मुन्नी कुचलाहे, प्रमिला मजगाहे, मीरा पनोरे, लता कुचलाहे, पेमेश्वरी कचलाहे, शैलकुमारी कर्राहे, प्रमिला गरुडे, सुशीला बेलघैया, सूचिता गरुड़े, सुषमा कुचलाहे, नीलेश्वरी पनोरे, भाग्यश्री कर्राहे, चंद्रकांता कर्राहे, संगीता कर्राहे, ठगु ब्रम्हपुरे, सुषमा कर्राहे, डीलेश्वरी कर्राहे, लेखा कर्राहे, पुष्पा कलपुरिया,तारा कुचलाहे, उर्मिला देवगड़े, सलिता बडघैया, सुगबत्ती देवगड़े, सविता कर्राहे आदि ने की है।

**आज शिव मंदिर से निकलेगी भव्य शिव बारात**-ग्राम बिसोनी के मण्डल टोला के शिवमन्दिर में हरदेव लोधी महिला समिती तथा शिव भक्तों के द्वारा आज 17 फरवरी को प्रातः 6 बजे से ध्यान साधना एवं प्रातः 9 बजे से पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार सम्पन्न होंगे। तथा संध्याकालीन समय में शिवमन्दिर से युवा समिती के अध्यक्ष बलवंत कर्राहे के मार्गदर्शन में भगवान भोलेनाथ की शिवबारात निकाली जाएगी।

## ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्य को संचालित करने में कोटवारों की महत्वहपूर्ण भूमिका: श्री बिसेन अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग

### कोटवारों एवं ग्राम रक्षकों का सम्मान समारोह संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक श्री गौरीशंकर बिसेन के निवास पर 16 फरवरी को ज़िला स्तरीय ग्राम रक्षक कोटवार संघ का सम्मेलन आयोजन किया गया। सम्मेलन में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संदीप सिंह, के.सी. बोपचे, सुश्री निकिता सिंह मंडलोई, डिप्टी कलेक्टकर श्रीमती आयुषी जैन, बालाघाट तहसीलदार नितिन चौधरी, किरनापुर तहसीलदार सुश्री शोभना ठाकुर और जिलाध्यचक्ष कोटवार संघ श्री मेश्राम सहित जिले भर के कोटवार मौजूद रहे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन ने ग्राम रक्षकों को संबोधित करते हुये कहा कि मुख्य मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जब पहली बार मुख्येमंत्री बने तो उन्होंने कोटवारों की पंचायत रखीं और उनकी समस्याओं का समाधान कर उनका मानदेय को बढ़ाया है एवं उन्हें सर्वाधिक सम्मान किसी ने दिया है तो वे प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने दिया है। उन्ड़होनें कहा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्य को संचालित करने में कोटवार महत्वहपूर्ण भूमिका निभाते है । विधायक श्री बिसेन ने कहा ग्रामीणों को महत्वपूर्ण सूचनायें देने में कोटवार की अहम भूमिका रहती है । इस अवसर पर ग्राम रक्षकों एवं कोटवारों को सम्मीनित भी किया।

**यह रहें उपस्थित**-कोटवार संघ बालाघाट के जिला अध्यक्ष सालिकराम मेश्राम, मुकेश पंचभावे जिला उपाध्यक्ष, राजेन्द्र भालाधरे जिला सचिव, दिमाक उके जिला सहसचिव बालाघाट, बसंत मड़ामें जिला कोषाध्यक्ष बालाघाट, राजेन्द्र उके जिला संगठन मंत्री, सोहन उके जिला महामंत्री, हंसराज खोब्रागड़े, तह अध्यक्ष बेहर, सुधीर सर्वेश तह अध्यक्ष परसवाड़ा एवं सदस्य गण , विजय भौतेकर, टेकचंद उके, अशोक भौतकर, रघुनाथ गेडाम, आनंद रामटेके, संतोष मेश्राम, दिनेश गणविर, सुध्दधन वासनिक, संगीता भालाधरे, कल्पना



उदेलाल वासनिक, मनोज खोब्रागड़े, दिलीप खोब्रागड़े, श्रीमति प्रतिमा उके, श्रीमति पूर्जना देशभ्रतार, श्रीमति पुस्तकला डॉगरे, श्रीमति आशा लोकलाल मेश्राम, कमलेश गजभिये, राजु रंगारी, कार्यकारिणि भगवानदास खोब्रागड़े तह अध्यक्ष तिरोड़ी, माखन गौड़ाने तह अध्यक्ष बिरसा, अशोक चौरे तह अध्यक्ष कटंगी, महेन्द्र गेड़ाम तह , उपाध्यक्ष कटंगी, श्रीमति प्रतिभा मेश्राम तह. अध्यक्ष किरनापुर, लक्ष्मण बोरकर पंचभाये, अचरित गेड़ाम, रामेश्वर नागवंशी, सहेशराम नागदेवे, जोगेन्द्र रायकर, मनोरमा मेश्राम, कलाबाई घरडे, रामेश्वर उके, चन्द्र कुमार भीमटे, अंशुल गोंडाने, जितेन्द्र वाहने, राजु मेश्राम, कविता बोरकर, राधेलाल बोरकर, राजु मेश्राम, रमेश मेश्राम, संदीप होमनेकर, संजय रंगारे, विनोद चौरे , शिवदास हुमने एवं जिले के समस्त तहसिलो के कोटवार साथीगण उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में देश विदेश के नामी साहित्यकार बालाघाट की धरती पर करेंगे शिरकत

### सुलझेगी बालमन की गुत्थियाॅ: थीम अंतर्गत बाल साहित्य पर दो दिवसीय अंतर्राष्टीय शोध संगोष्ठी पी.जी. महाविद्यालय में 20 एवं 21 फरवरी को होगी संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में ''हिन्दी साहित्य में चित्रित बाल जीवन और वैष्विक परिदृष्य'' पर आधारित दो दिवसीय अंतर्राष्टीय शोध संगोष्ठी का आयोजन 20 एवं 21 फरवरी को किया जा रहा हैं। यह अंतरराष्टीय शोध संगोष्ठी म.प्र. शासन उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन विश्व बैंक परियोजना मध्यप्रदेष शासन भोपाल द्वारा प्रायोजित हैं। इस अंतर्राष्टीय शोध संगोष्ठी में देश विदेश के नामी साहित्यकार बालाघाट की धरती पर सिरकत करने जा रहे हैं। साहित्य अकादमी से पुरस्कृत सुप्रसिद्ध कवि लेखक बाल साहित्यकार भी इस सेमीनार में उपस्थित रहेगें. इस संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता के रूप में चर्चित कहानीकार श्री तेजेन्द्र शर्मा, प्रो. रमेष प्रसाद पाठक, नई दिल्ली, डॉ. प्रणव शर्मा, उत्तर प्रदेष, डॉ. सतीष चर्तुवेदी 'शाकुंतल', गुना म.प्र., डॉ. वंदना यादव, बाल सहित्यकार दिल्ली, आचार्य देवेन्द्र देव बरेली उत्तर प्रदेष, मराठी एवं हिन्दी के प्रसिद्ध आलोचक प्रो. अर्जुन चैहान, संपादक एवं साहित्यकार श्री सुरेष चंद शुक्ल, नार्वे, प्रो. गंगा प्रसाद शर्मा गुड़ शेखर अतरराष्टीय भाषा संस्थान सूरत गुजरात, मध्य प्रांत संस्कृत भारती संगठन मंत्री डॉ. जागेष्वर पटले, मुख्य वक्ता रहेगें। इस दो दिवसीय शोध संगोष्ठी की मुख्य संरक्षक श्रीमती मौसम हरिनखेरे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, एवं विषेष संरक्षक श्रीमती लीला भलावी, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च षिक्षा जबलपुर संगोष्ठी के संरक्षक प्रो. गोविंद सिरसाटे प्राचार्य है । संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा किया जा रहा हैं।

## श्री अन्न महोत्सव के अंतर्गत पी जी महाविद्यालय में ि़ ज प्रतियोगिता संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष प्रयास से संयुक्त राष्ट महासभा ने वर्ष 2023 को मोटा अनाज के अंतरराष्टीय वर्ष के रूप में घोषित किया है। मोटे अनाज उत्पादन के प्रति



किसानों विद्यार्थियों एवं जनता में जागरूकता लाने के लिए राज्य स्तरीय एनएएसी प्रकोष्ठ उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन की अनोखी पहल श्री अन्न महोत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय में पोषण /मोटे अनाज (कुटकी, कोदो,ज्वार,बाजरा) पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय मे दिनांक में 16 फरवरी को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गोविंद सिरसाठे की अध्यक्षता में एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ तेजेंद्र शिव, प्रश्न मंच प्रतियोगिता संयोजक पुष्पलता कमलेशीया, प्रो खिलेश्वर ठाकरे प्रो रविशंकर मडावे, डॉ संगीता राजपूत की उपस्थिति में कराया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 46 विद्यार्थियों ने प्रतिभागीता की और आयोजन को सफल बनाया। जिसमें प्रथम स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा श्वेता उईके एवं हेमलता कोलते, द्वितीय स्थान मुस्कान चौधरी, तृतीय स्थान मनीषा पांचे ने प्राप्त किया। उपस्थित प्रध्यापकों के द्वारा उपरोक्त शीर्षक पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत कर छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

## शिवरात्रि पर्व पर 5 हजार दीपों से रोशनीमय होगा दादा कोटेश्वर धाम

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

महाशिवरात्रि पर्व माघ फागुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को मनाया जाता है। जो इस बार 18 फरवरी को आ रही है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग (जो महादेव का विशालकाय

### शिव बारात में निकलेगी मनमोहक झांकियां, गूंजेगा हर - हर महादेव का जयकारा

स्वरूप है) के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव व मां पार्वती की पूजा होती हैं। वहीं शिव मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इसी कड़ी में ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी कही जाने वाली नगरी लांजी जहां देवों धि देव महादेव शिवलिंग के रूप में विराजमान है। 12 ज्योतिर्लिंगों के अलावा 108 उपलिंग है, जिसका कि शिवपुराण में 108 ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री कोटेश्वर महादेव का भी वर्णन मिलता है। कोटेश्वर महादेव के दर्शन करने के लिए प्रदेश ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, महाराष्ट के अलावा देश भर से भक्तों का आना जाना लगा रहता है, क्योंकि कोटेश्वर महादेव शमशान के पास स्थित होने के चलते एवं प्राकृतिक रूप से ओम नाले के किनारे बसे होने के



कारण भक्तों के अलावा तंत्र साधना करने वाले भक्तों का भी वर्षभर आना जाना लगा रहता है। इसलिए लांजी का कोटेश्वर महादेव अपने आप में एक अलग ही महत्व का स्थान रखता है। वहीं कोटेश्वर महादेव मंदिर में 5 हजार दीपों को प्रज्वलित किया जाएगा जो आकर्षण का केंद्र होगा। वहीं नगर के काली मंदिर परिसर में लांजी का सबसे बड़ा सात दिवसीय मेला लगेगा।

**फुलों की विशेष साज-सज्जा होगी मां पांढरीपाठ देवी मंदिर**-महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्राकृतिक सुरम्य वादियों के बीच स्थित कोटेश्वर मंदिर को फुलों से विशेष साज-सज्जा की गई है। जो आकर्षक का केन्द्र रहेगा। महाशिवरात्रि के पर्व पर मां पांढरीपाठ देवी मंदिर में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। मां पांढरीपाठ देवी मंदिर परिसर को विशेष तौर पर सजाया जाएगा।

**बालाजी धाम कटंगी में भी होगी विशेष पूजा**-बालाजी मंदिर कटंगी में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिव मन्दिर जो कि तालाब के बिच में बना हुआ है इसमें विशेष पूजा अर्चना एवं जलाभिषेक को लेकर विशेष तौर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। नगर के बिसोनी कटंगी में स्थित श्री बालाजी धाम मंदिर में हजारों की संख्या में लोग पूजन के लिए पहुंचते हैं। बालाजी धाम परिसर का सौंदर्यकरण भक्तों और सैलानीयों को आकर्षित करता है। इसी कारण यहां पर महाशिवरात्रि पर्व पर अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आती है।

**शिवरात्रि के दिन निकलेगी शिव बारात**-शिव बारात में बैण्ड बाजे तथा शिव जी एवं भूत पिशाचो की जिवंत झांकियॉ दिखाई देगी, शिव बारात कोटेश्वर धाम से प्रारंभ होकर, मॉ काली मंदिर, मेन रोड़ होते हुये बस स्टैण्ड पंहुचकर सालेटेकरी रोड से होकर कोटेश्वर धाम पंहुचेंगी जंहा विधि पूर्वक उक्त आयोजन संपन्न कराया जायेगा। शिव बारात का आयोजन कर रहे भक्त जनों के द्वारा समस्त धर्म प्रेमियो से कर बद्ध निवेदन कर अपील की गई है कि अधिक से अधिक श्रृद्धालु भक्त गण शिव बारात में पंहुचकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# वेस्टइंडीज पर हमेशा भारी रहा है भारत का पलड़ा, मंधाना की वापसी से और मजबूत हुई टीम इंडिया

**केपटाउन ।** वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय टीम का पलड़ा हमेशा भारी रहा है। स्मृति मंधाना के टीम में वापस आने से भारतीय टीम और मजबूत हुई है। अब टीम इंडिया लगातार दूसरा मैच जीतकर महिला टी20 विश्व कप में अपनी स्थिति और बेहतर करना चाहेगी। पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में जीत से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम टी-20 विश्वकप में अपने दूसरे मैच में बुधवार को वेस्टइंडीज के सामने होगी। पिछले मैच में भारतीय टीम उपकप्तान स्मृति मंधाना के बिना उतरी थी। उनकी अंगुली में चोट थी लेकिन इस मैच में सलामी बल्लेबाज मंधाना के फिट होकर उतरने की संभावना जताई जा रही है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्वकप में अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया था। एक दिन पहले महिला प्रीमियर लीग में लगी ऊंची बोली से कई भारतीय खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा होगा। दूसरी ओर वेस्टइंडीज की टीम को इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भारतीय गेंदबाजों ने अंतिम दस ओवरों में 91 रन लुटा दिए थे। भारतीय गेंदबाजों को अपनी दिशा और गेंद के टप्पे का ध्यान रखना होगा क्योंकि आगे टूर्नामेंट में उनके सामने अपेक्षाकृत ज्यादा मजबूत टीमें होंगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का हालिया प्रदर्शन अच्छा रहा है। त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत ने वेस्टइंडीज को दो बार पराजित किया था। यदि भारत को विश्वकप जीतना है तो उसके बल्लेबाजों को और बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पाकिस्तान के खिलाफ अगर रिचा ने 18वें ओवर में लगातार तीन चौके नहीं लगाए होते तो जीत संभव नहीं होती। आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने हाल ही में अपनी अगुवाई में भारत को अंडर-19 विश्वकप जिताया है। उन्हें अच्छा प्रदर्शन करना होगा। स्मृति की अनुपस्थिति में सलामी बल्लेबाजी पर उतरी यस्तिका भाटिया लय में नहीं दिखीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी प्रभाव नहीं छोड़ सकीं। भारतीय टीम के लिए राहत की बात यह है कि जेमिमा रोड्रिग्ज अच्छी फॉर्म में नजर आ रही हैं। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि उन्हें अपनी स्ट्राइक रेट पर ध्यान देना होगा और बड़े शॉट भी खेलने होंगे। विंडीज पहली जीत को बेताब वेस्टइंडीज की टीम इस विश्वकप में अपनी पहली जीत को लेकर बेताब है। हीली मैथ्यूज के नेतृत्व वाली टीम खराब दौर से गुजर रही है। टीम लगातार 14 मुकाबले गंवा चुकी है। कप्तान हीली मैथ्यूज पर काफी कुछ निर्भर करेगी। बड़े मंच पर बेहतर करने का उनके पास अनुभव भी है। हीली को स्टेफनी टेलर से सहयोग की उम्मीद रहेगी तो पीठ की चोट के बाद वापसी कर रही हैं। अगर वेस्टइंडीज की टीम दूसरा मैच भी हार गई तो सेमीफाइनल की दौड़ से भी बाहर हो जाएगी। दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11 भारतः स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिग्ज, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, रेणुका सिंह ठाकुर। वेस्टइंडीजः हीली मैथ्यूज (कप्तान), स्टेफनी टेलर, शेमेन कैंपबेल, शबिका गजनबी, चिनले हेनरी, चेडियन नेशन, अफी फ्लेचर, जैदा जेम्स, शामिलिया कोनेल, रशदा विलियम्स (विकेटकीपर), शेकेरा सेलमैन।






# दो दिवसीय विकलांगों का संपन्न, शिविर में 453 दिव्यांगों का पंजीयन कर की गई जांच

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट

शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विवेक कुमार के दिशा निर्देशन में प्रत्येक विकासखंड में दो दिवसीय मूल्यांकन पहचान शिविर का आयोजन आदर्श जिला दिव्यांग परिवार बालाघाट एवं जिला चिकित्सालय के मेडिकल विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा द्वारा 15 एवं 16 फरवरी को जनपद पंचायत लांजी के प्रांगण में 2 दिवसीय शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में लांजी विकासखंड की ग्राम पंचायतों के कुल 453 दिव्यांगों का पंजीयन किया गया जिसमें ओएच दिव्यांग जनों के 115 प्रमाण पत्र, नवीनीकरण 66 दिव्यांग जनों का, कुल 90 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर मोटरसाइकिल वाकर के लिए चिन्हित किया गया। इसी प्रकार से श्रवण बाधित दिव्यांग जनों के 33 प्रमाण पत्र बनाए गए जिसमें से 11 नवीनीकरण एवं उपकरण हेतु 38 दिव्यांग जनों को चिन्हित किया गया। दृष्टिबाधित दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण हेतु 33 का चुनाव किया गया। साथ ही मानसिक दिव्यांग हितग्राहियों के 66 प्रमाण पत्र बनाए गए जिसमें से 38 प्रमाण पत्र नवीनीकरण एवं उपकरण के लिए 49 दिव्यांग जनों को चिन्हित किया गया। शिविर में जनपद पंचायत के समस्त जिला पुनर्वास केंद्र की तकनीकी टीम का विशेष सहयोग रहा।

## जियो मार्ट ने बंद की अपनी 90 मिनट डिलीवरी सर्विस 'एक्सप्रेस', सामने आई ये वजह

**नई दिल्ली ।** तुरंत डिलीवरी बिजनेस की कई कंपनियां इन दिनों नकदी की समस्या से जूझ रही हैं। जोमैटो की ब्लिंकइट ने भी अपने डिलीवरी टाइम को बढ़ा दिया है। इसी तरह स्विगी और जैप्टो ने भी अपने-अपने डिलीवरी टाइम में बढ़ोतरी की है। रिलायंस




रिटेल ने अपनी जियो मार्ट क्विक डिलीवरी सर्विस 'एक्सप्रेस' बंद कर दी है। जियो मार्ट ने एक्सप्रेस सर्विस की शुरूआत मार्च 2022 में की थी लेकिन अब इसकी एप गूगल प्ले पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध नहीं है। जियो मार्ट की वेबसाइट पर भी यह सर्विस इन-एक्टिव दिख रही है। जियो मार्ट एक्सप्रेस सर्विस के तहत ग्राहकों को 90 मिनट में सामान की डिलीवरी की सुविधा देती थी। अब जियो मार्ट के यूजर्स वाट्सएप से घरेलू सामान ऑर्डर कर सकेंगे लेकिन इसकी डिलीवरी में कुछ घंटे से लेकर एक दिन तक का समय लग सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलायंस रिटेल तुरंत डिलीवरी जैसे दबाव वाले बिजनेस में नहीं रहना चाहती है। पिछले साल कंपनी ने एक्सप्रेस सेवा की शुरूआत की थी और कंपनी की योजना इसे 200 शहरों तक ले जाने की थी लेकिन अब अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद कंपनी ने इसे बंद करने का फैसला किया है। गौरतलब है कि तुरंत डिलीवरी बिजनेस की कई कंपनियां इन दिनों नकदी की समस्या से जूझ रही हैं। जोमैटो की ब्लिंकइट ने भी अपने डिलीवरी टाइम को बढ़ा दिया है। इसी तरह स्विगी और जैप्टो ने भी अपने-अपने डिलीवरी टाइम में बढ़ोतरी की है। अब ये कंपनियां अपनी लागत में भी कमी करने की तैयारी कर रही हैं। दरअसल तुरंत सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनियां नुकसान में चल रही हैं। जोमैटो को ही वित्तीय वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में 346 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स में इस बिजनेस के विशेषज्ञों से बातचीत के आधार पर बताया है कि क्विक डिलीवरी बिजनेस में बहुत ज्यादा प्रतिस्पर्धा है और हमेशा तेज डिलीवरी करना आसान नहीं है। नए यूजर्स बनाने के लिए तेज डिलीवरी की जा रही है लेकिन यूजर्स तेज डिलीवरी के लिए कोई प्रीमियम भी देने को इच्छुक नहीं हैं।

## गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 153 अंक लुढ़का, निफ्टी ने भी किया निराश

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार में आज लाल निशान के साथ कारोबार की शुरूआत हुई है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट देखी गई है। घरेलू शेयर बाजार में आज लाल निशान के साथ कारोबार की शुरूआत हुई है। आज बाजार की शुरूआत में बीएसई का 30 शेयरों वाला इंडेक्स सेंसेक्स 60,879 पर खुला है और एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी आज 17,885 पर खुला है। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के लाल निशान के साथ ही कारोबार कर रहे हैं। 14 फरवरी को हरे निशान के साथ बंद हुआ था बाजार बता दें कि 14 फरवरी को सेंसेक्स 600 अंकों के उछाल के साथ 61,032 अंकों पर बंद हुआ था जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 159 अंकों की तेजी के साथ 17,930 अंकों पर क्लोज हुआ था।



# क्रिकेटरों को ट्रेनिंग देंगी टेनिस स्टार सानिया मिर्जा, आरसीबी की मेंटर बनीं, कहा- ऑफर पाकर हैरान

**नई दिल्ली।** टेनिस स्टार सानिया मिर्जा क्रिकेट टीम की मेंटर बनने का ऑफर मिलने पर खुद हैरान हो गई थीं, लेकिन उन्होंने बाद में यह ऑफर स्वीकार किया। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा को महिला प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का मेंटर नियुक्त किया गया है। आरसीबी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से बुधवार को इसकी पुष्टि की। टेनिस खिलाड़ी सानिया ने इस पर बताया कि वह खुद इस बात से हैरान थीं कि उन्हें क्रिकेट टीम की मेंटर बनने का ऑफर मिला है, लेकिन बाद में उन्होंने इसे स्वीकार किया। आरसीबी के ट्वीटर हैंडल पर लिखा गया महिलाओं के लिए भारतीय खेलों में अग्रणी, एक युवा आइकन, जिसने अपने पूरे करियर में निडर होकर खेला और बाधाओं को पार किया है, जो मैदान के अंदर और बाहर एक चैंपियन हैं। आरसीबी महिला क्रिकेट टीम की मेंटर के रूप में सानिया मिर्जा का स्वागत करते हुए हमें गर्व हो रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम की मेंटर बनने के बाद सानिया ने टीम के लिए बातचीत में कहा ३मैं थोड़ा हैरान थी, लेकिन मैं उत्साहित थी। सौभाग्य से या दुर्भाग्य से, मैं 20 वर्षों से एक पेशेवर एथलीट हूं। मेरा अगला काम युवा महिलाओं और युवा लड़कियों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करना है कि खेल उनके लिए करियर के पहले विकल्पों में से एक हो सकता है। यह पूछे जाने पर कि वह रॉयल चैलेंजर्स के लिए क्या लाएंगी, मिर्जा ने कहा कि दबाव से निपटना किसी भी खेल में सबसे अहम पहलू है और वह खिलाड़ियों के साथ उनके मानसिक पहलू पर काम करेंगी। उन्होंने कहा इतनी समानताएं हैं (क्रिकेट और टेनिस के बीच)। हर एथलीट एक जैसा सोचता है, वे एक ही तरह के दबाव से गुजरते हैं। सिर्फ दबाव की स्थितियों को संभालना, उन्हें स्वीकार करना बहुत जरूरी है। दबाव एक खास चीज है, अगर आप इसे स्वीकार नहीं कर सकते, तो आप दबाव में बेहतर नहीं हो सकते। सबसे बड़े चैंपियन वे हैं जो दबाव को झेल सकते हैं।' सानिया ने आगे कहा इसका वह पहलू, मानसिक पहलू कुछ ऐसा है जिसे मैं लड़कियों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। आईपीएल ने पुरुषों के क्रिकेट के लिए जो किया है, अगर वह महिला क्रिकेट के लिए किया जा सकता है, तो खेल खेलना युवा लड़कियों के लिए एक स्वाभाविक विकल्प बन सकता है। 13 फरवरी को विमेंस प्रीमियर लीग की नीलामी में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने स्मृति मंधाना को 3.4 करोड़ में खरीदा और वह इस लीग के इतिहास में बिकने वाली पहली खिलाड़ी बनीं। इसके साथ ही मंधाना लीग की सबसे महंगी खिलाड़ी भी हैं। इस टीम में मंधाना के अलावा सोफी डिवाइन, एलिस पेरी, रेणुका सिंह और ऋचा घोष भी हैं।



## पाकिस्तान सुपर लीग में दिखी विराट की लोकप्रियता, खास पोस्टर लेकर स्टेडियम पहुंचा फैन

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तान सुपर लीग के पहले मैच में मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी जैसे खिलाड़ी एक्शन में थे, लेकिन विराट का जलवा यहां भी देखने को मिला। उनका एक फैन मैदान में एक पोस्टर लेकर पहुंचा था, जिसमें कोहली को मुल्तान में खेलते देखने की इच्छा जाहिर की गई थी। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच की तैयारी कर रहे हैं। पहले टेस्ट में छोटे स्कोर पर आउट होने वाले विराट कोहली दूसरे मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। इस बीच पाकिस्तान सुपर लीग में उनकी लोकप्रियता देखने को मिली है। पाकिस्तान सुपर लीग के पहले मैच में उनका एक फैन स्टेडियम में एक पोस्टर लेकर पहुंचा था, जिसमें लिखा था कि वह कोहली को मुल्तान में देखना चाहता है। पीएसएल के पहले मैच में मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी जैसे खिलाड़ी मैदान में थे, लेकिन कोहली का जलवा यहां भी बरकरार था। विराट कोहली के चाहने वाले दुनियाभर में हैं और पाकिस्तान के में भी विराट के फैन बड़ी संख्या में हैं। इसका नजारा पाकिस्तान सुपर लीग में देखने को मिला। हालांकि, मुल्तान में कोहली के खेलने की संभावना बेहद कम है। इस साल एशिया कप पाकिस्तान में होना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के चलते इसे किसी ऐसे देश में कराया जा सकता है, जहां दोनों टीमों को खेलने में आपत्ति न हो। इसी वजह से इस टूर्नामेंट के यूएई में होने की संभावना सबसे ज्यादा है। बीसीसीआई सचिव और एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष जय शाह ने साफ किया है कि एशिया कप की मेजबानी को लेकर चर्चा होगी और इसे पाकिस्तान की बजाय किसी दूसरे देश में कराया जाएगा। ऐसे में कोहली को मुल्तान में देखने की उनके फैन की इच्छा पूरी होना मुश्किल है। पाकिस्तान ने भी धमकी दी है कि अगर भारत एशिया कप पाकिस्तान आकर नहीं खेलेगा तो पाकिस्तान वनडे विश्व कप खेलने के लिए भारत नहीं आएगा। हालांकि, एसीसी की मीटिंग में इस मामले में अंतिम फैसला हो सकता है। पीएसएल के जरिए शाहीन की वापसी पाकिस्तान सुपर लीग के पहले मैच में शाहीन अफरीदी ने शानदार वापसी की। उन्होंने आसानी के साथ पूरे चार ओवर किए और 27 रन देकर विपक्षी टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान का विकेट भी अपने नाम किया। वह पिछले साल एशिया कप से चोटिल हैं। टी20 विश्व कप में उन्होंने वापसी की थी, लेकिन फाइनल मैच में फिर चोटिल हो गए थे। लंबे समय तक मैदान से बाहर रहने के बाद उन्होंने दमदार वापसी की है। उनकी टीम लाहौर कलंदर्स ने पहले मैच में मुल्तान सुल्तान को एक रन से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की।






## वैलेंटाइन डे पर निधी तपादिया के साथ पृथ्वी शॉ की फोटो वायरल, क्रिकेटर को देनी पड़ी सफाई

**नई दिल्ली ।** पृथ्वी शॉ और निधी तपादिया की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शॉ को सफाई देनी पड़ी। उन्होंने कहा कि इन चीजों पर ध्यान न दें। इन्हें नजरअंदाज करें। भारतीय सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की एक फोटो वैलेंटाइन्स डे पर वायरल हो गई। यह फोटो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फोटो में पृथ्वी शॉ एक लड़की के साथ दिखाई दे रहे हैं। दोनों काफी रोमांटिक पोज में सेल्फी ले रहे हैं। इस फोटो के साथ लिखा गया ३मेरी पत्नी को वैलेंटाइन डे की शुभकामनाएं३। पृथ्वी शॉ की फोटो कई फैंस ने सोशल मीडिया पर शेयर की और बताया की शॉ ने खुद यह स्टोरी अपने इंस्टाग्राम पर लगाई थी, लेकिन कुछ समय बाद उन्होंने इसे हटा लिया। पृथ्वी शॉ की फोटो इतनी ज्यादा वायरल हुई कि उन्हें सफाई देनी पड़ गई। शॉ ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाते हुए लिखा कि उनकी फोटो को एडिट करके शेयर किया जा रहा है और इस पर ध्यान दें। शॉ ने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर कोई फोटो नहीं शेयर की है। उन्होंने न तो कोई पोस्ट किया है और न ही स्टोरी पर कोई फोटो लगाई है।




## भारत का आईसीसी रैंकिंग में दबदबा, नंबर-1 टीम के पास बेस्ट बल्लेबाज-गेंदबाज और ऑलराउंडर

**नई दिल्ली ।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया है। वह क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी20) में शीर्ष पर पहुंच गई है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में जीत के बाद टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया। टीम इंडिया ने नागपुर में पारी और 132 रनों से जीत हासिल की थी। भारत इससे पहले वनडे और टी20 में भी पहले स्थान पर था। भारत का दबदबा आईसीसी रैंकिंग में लगातार बढ़ता जा रहा है। टेस्ट, वनडे और टी20 में पहले स्थान पर काबिज होने के अलागा टीम इंडिया के पास टी20 में नंबर-1 बल्लेबाज, वनडे में नंबर-1 गेंदबाज और टेस्ट में नंबर-1 ऑलराउंडर भी है। हम आपको यहां हर रैंकिंग के बारे में विस्तार से बता रहे हैं... टेस्ट टीम रैंकिंगः भारत को पहले स्थान पर जाने के लिए विश्व की नंबर-1 टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल करनी थी। उसने नागपुर में कंगारूओं को बड़े अंतर से हराया। इस जीत के बाद भारत के 115 रेटिंग अंक हो गए। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के 111 रेटिंग अंक हैं। इंग्लैंड 106 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर है। वनडे टीम रैंकिंगः भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले महीने समाप्त हुई वनडे सीरीज में जीत के बाद पहला स्थान हासिल किया था। उसे इंदौर में खेले गए आखिरी वनडे मैच में 90 रनों से जीत मिली थी। सीरीज को 3-0 से जीतने के बाद भारत वनडे रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गया था। उसके 114 रेटिंग अंक हैं। दूसरे स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के 112 और तीसरे स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड के 111 रेटिंग अंक हैं। टी20 टीम रैंकिंगः भारत आईसीसी टी20 रैंकिंग में भी पहले स्थान पर है। उसके 267 रेटिंग अंक हैं। इंग्लैंड उससे एक रेटिंग अंक ही पीछे हैं। वह 266 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है। टी20 बल्लेबाजी रैंकिंगः क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट टी20 में भारत के सूर्यकुमार यादव नंबर-1 बल्लेबाज हैं। वह टी20 विश्व कप के दौरान पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान दूसरे पायदान पर हैं। रिजवान के 836 रेटिंग अंक हैं। वनडे गेंदबाजी रैंकिंगः तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज वनडे में गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद सिराज पहले स्थान पर पहुंचे थे। उनके 729 रेटिंग अंक हैं। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के जोस हेजलवुड हैं। उनसे सिराज के दो रेटिंग अंक ज्यादा हैं।





# अपने पहले वैलेंटाइन पर आलिया ने छोड़ा रणबीर कपूर का साथ, इस खास शख्स के साथ आई नजर

कल पुरे देश में वैलेंटाइन की धूम देखने को मिली। जहां हर एक प्रेमी ने अपने प्रेमिका के साथ अपने प्यार का इजहार किया। ऐसे में बॉलीवुड गलियारों में भी वैलेंटाइन की खूब रौनक देखने को मिली थी। जहां नए-नवेले जोड़े सहित सभी स्टार्स ने बड़े ही खास तरीके से अपना वैलेंटाइन सेलिब्रेट किया हैं। लेकिन इस बीच वैलेंटाइन के मौके पर एक कपल ना जाने क्यों एक दूसरे के साथ नहीं बल्कि अलग-अलग वैलेंटाइन सेलिब्रेट करते हुए दिखाई दिए हैं। दरअसल ये कपल कोई और नहीं बल्कि बीते साल के सबसे चर्चित कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट हैं। जहां आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर वैलेंटाइन डे के खास मौके पर रणबीर कपूर के साथ बल्कि दूसरे शख्स के साथ सेलिब्रेट करती हुई दिखाई दी। ये तस्वीरें आलिया ने खुद ही अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। जहां तस्वीरें में आलिया रणबीर कपूर नहीं बल्कि अपनी बहन के साथ सेल्फी क्लिक कर मस्ती करती हुई दिखाई दे रही हैं।

वही आलिया ने इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है की-स्किन केयर मेरे वैलेंटाइन वीडियो जल्द ही आउट होने वाली हैं तस्वीरों में आलिया भट्ट साटन पिंक टी-शर्ट पहने नजर आ रही हैं तो वहीं, शाहीन जींस के साथ ब्राउन स्वेटशर्ट में पोज देती दिख रही हैं। बता दे की आलिया के इस पोस्ट पर फैंस अब जमकर रियेक्ट करना भी हैं। साथ ही पोस्ट पर अब खूब कमेंट करते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। आलिया भट्ट अभी-अभी मां बनी हैं। जिसके कारन वो अभी फिल्मों से दूर नजर आ रही हैं। वही एक्ट्रेस ने खुद को दोबारा से पहले की तरह फिट और फाइन कर लिया हैं। साथ ही एक्ट्रेस अब जल्द ही अपने वर्क कमिटमेंट पर लौटने भी वाली हैं। जिसके लिए आलिया ने अपनी तैयारी भी पूरी कर ली हैं।

आलिया भट्ट वर्कफ्रंट की करें तो वो अगले साल बैक-टू-बैक कई प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। वो जल्द ही करण जौहर के निर्देशन में बन रही फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आने वाली हैं। इस फैमिली ड्रामा फिल्म में आलिया-रणवीर सिंह के साथ मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं।

# हार्दिक पांड्या ने अपनी ही वाइफ नताशा स्टेनकोविक के साथ रचाई दूसरी शादी, फोटोज हुए वायरल

बीते दिन वैलेंटाइन डे को और भी स्पेशल बनाने में नताशा स्टेनकोविक और हार्दिक पांड्या ने कोई कसर नहीं छोड़ी। इस कपल ने अपने प्यार को और गहरा करने के लिए वो किया जो शायद ही कोई करता है। इस कपल ने 14 फरवरी को दुबारा शादी कर ली। आपको बता दें, नताशा और हार्दिक पांड्या ने फैमिली और क्लोज फ्रेंड्स की मौजूदगी में उदयपुर में ड्रीमी व्हाइट वेडिंग की है। इससे पहले ये दोनों साल 2020 में शादी के बंधन में बंधे थे। वहीं, अब कपल ने अपने शादी के 3 साल बाद फिर से शादी की कस्मे खाई। ये एक ग्रैंड वेडिंग थी जिसके कुछ झलक अब सामने आए चुकी है। इस क्रिश्चियन तरीके से निभाई गई वेडिंग में कपल ने एक- दूसरे का हाथ पकड़े हुए ग्रैंड एंट्री ली। अपने इस खास दिन पर हार्दिक पांड्या ब्लैक कलर के सूट में बेहद हैंडसम लग रहे थे। उन्होंने व्हाइट शर्ट, बो टाई और ग्लासेज के साथ अपने लुक को कम्पलीट किया था। वहीं, ब्राइड नताशा स्टेनकोविक फुल स्लीव्स और थाई-हाई स्लिट वाले व्हाइट वेडिंग गाउन में बेहद गॉर्जियस लग रही थी। स्टेटमेंट डायमंड नेकलेस और मैचिंग ईयररिंग्स ने नताशा के वेडिंग लुक को और भी स्पेशल बना दिया। स्लीक बन और नेचुरल मेकअप के साथ एक्ट्रेस बेहद प्रीटी लग रही थीं। कपल ने डांस करते हुए एंट्री की और उनके पीछे ब्राइड्समेड्स और ग्रूम्समेन भी चलते नजर आए। अब इन दोनों ने सोशल मीडिया पर अपनी दूसरी शादी की कुछ तस्वीरें अपने चाहने वालों के साथ शेयर की हैं। एक फोटो में नताशा और हार्दिक एक-दूसरे को किस कर रहे हैं। वहीं, एक फोटो में नताशा अपने पिता के साथ हैं। एक तस्वीर में कपल के साथ उनका बेटा अगस्त्य भी नजर आ रहा है। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए इन्होने कैप्शन में लिखा, हमने 3 साल पहले ली गई कस्मों को फिर से दोहराकर प्यार के इस द्वीप पर वेलेंटाइन डे मनाया।



# शादी के बाद पहले वैलेंटाइन डे पर पति करण के साथ निकली बिपाशा बसु, कहा-फर्स्ट टाइम हुआ है कि....

बॉलीवुड में इन दिनों कई नए-नवेले कपल बने हैं। जिनमे एक नाम बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर का भी हैं। दरअसल कल पुरे देश में वैलेंटाइन की धून देखने को मिली थी। ऐसे में बॉलीवुड सितारे भी अपने-अपने पार्टनर के साथ वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट करते हुए देखे गए हैं। इन्ही कपल की लिस्ट में बिपाशा और करण का नाम भी शामिल हैं। लेकिन अपने पहले वैलेंटाइन डेट पर ना जाने क्यों बिपाशा को किस बात का गिल्ट सताता हुआ भी नजर आ रहा हैं। दरअसल बिपाशा बसु और उनके पति-एक्टर करण सिंह ग्रोवर वैलेंटाइन के दिन मुंबई में स्पॉट किए गए। ये पहला मौका है जब कपल अपनी नन्ही सी जान देवी को घर पर छोड़कर बाहर निकला था। हालांकि न्यू मॉम बिपाशा को हबी करण के साथ डेट नाइट पर भी बेटी की याद सताती रही। इस दौरान एक्ट्रेस जल्द से जल्द देवी के पास पहुंचने के लिए उतावली दिखीं। इस दौरान बिपाशा शॉर्ट ब्लैक एंड व्हाइट में काफी गॉर्जियस लग रही हैं। वहीं करण ऑल ब्लैक लुक में हैंडसम लग रहे थे। वही बिपाशा से जब पैपराजी ने पूछा की बेटी कैसी हैं, इस पर एक्ट्रेस ने कहा, यह पहली बार है जब बेटी को घर छोड़कर आई हूं और इसके लिए काफी गिल्टी भी फील हो रहा है। साथ ही एक्ट्रेस ने कहा, ना चाहते हुए भी उसे छोड़ के आना पड़ा। बहुत गिल्ट हो रहा है फर्स्ट टाइम निकली हूं। वैलेंटाइन्स डे के लिए सब बोले-जाना चाहिए, थोड़ा एक दूसरे के लिए भी वक्त निकालो। बता दें बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर शादी के 6 साल बाद पेरेंट्स बने हैं। इस कपल ने 12 नवंबर 2022 में बेटी देवी का स्वागत किया। एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी में काफी कॉम्प्लिकेशन भी हुए थे, जिसका खुलासा उन्होंने खुद किया था। बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर ने 30 अप्रैल 2016 में शादी की थी। दोनों की पहली मुलाकात अलोन मूवी सेट पर हुई थी।



# बेकाबू एक्ट्रेस संग प्रतीक बब्बर ने ऑफिशियल किया अपना रिश्ता, एक जैसा टैटू फ्लॉन्ट करते दिखा कपल





बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता राज बब्बर के बेटे एक्टर प्रतीक बब्बर की लाइफ में एक बार फिर प्यार ने दस्तक दे दी है। प्रतीक इन दिनों एक एक्ट्रेस को डेट कर रहे हैं और दिलचस्प बात ये है कि उन्होंने अपने सीक्रेट रिलेशनशिप को वैलेंटाइन डे के मौके पर ऑफिशियल कर दिया है। प्रतीक ने सोशल मीडिया पर अपनी लेडीलव संग अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया है। प्रतीक के अपने रिश्तें को ऑफिशियल करते ही एक्टर को फैंस और सेलेब्स फ्रेंड्स की तरफ बधाइंया मिल रही हैं। प्रतीक की पोस्ट इंटरनेट पर तेजी से वायरल भी हो रही है।प्रतीक बब्बर ने अपने ऑफिशिलय इंस्टाग्राम हैंडल पर दो तस्वीरें शेयर की हैं पहली तस्वीर में प्रतीक उनकी गर्लफ्रेंड बैक साइड से कैमरे के लिए पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। प्रतीक जहां ब्लैक टी-शर्ट में हैं, वहीं एक्ट्रेस पिंक टीशर्ट में नजर आ रही हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस को पहचान पाना काफी मुश्किल है क्योंकि दोनों के ही चेहरे नजर नहीं आ रहे हैं।

इसके अलावा दूसरी फोटो में दोनों अपनी बॉडी पर पी और बी का एक जैसा टैटू फ्लॉन्ट करते दिख रहे हैं। चलिए अब आपकी एक्साइटमेंट को खत्म करते हुए बताते हैं कि एक्टर प्रतीक बब्बर जिस एक्ट्रेस को डेट कर रही हैं उनका नाम प्रिया बनर्जी है। अभिनेत्री ऐश्वर्या राय की फिल्म जज्बा में प्रिया ने खास रोल निभाया था।प्रिया कई साउथ फिल्मों में काम कर चुकी है, इसके अलावा प्रिया ने फेमस वेब सीरीज बेकाबू में अपनी एक्टिंग से सभी का अपना दीवाना कर दिया था। बेकाबू में प्रिया ने कई बोल्ड और इंटीमेट सीन्स दिए थे। बेकाबू के अलावा भी प्रिया कई वेब सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। प्रिया सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी बोल्ड और सेक्सी फोटोज साझा करती रहती हैं।

प्रतीक और प्रिया की पहली मुलाकात एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी। पहली मुलाकात के बाद दोनों ज्यादा टाइम एक साथ स्पेंड करने लगे और धीरे-धीरे प्रिया को प्रतीक पसंद करने लगे और फिर दोनों में प्यार हो गया। पिछले दिनों खबरें आई थीं कि एक्टर ने अपने और प्रिया के बारे में अपनी फैमली को भी बता दिया है। बता दें कि साल 2019 में प्रतीक बब्बर ने बीएसपी के नेता पवन की बेटी सान्या सागर से शादी की थी। हालांकि, दोनों का रिश्ता ज्यादा दिनों तक टिक पाया और शादी के एक साल बाद ही दोनों के बीच मनमुटाव की खबरें सामने आने लगीं। इसके बाद प्रतीक और सान्या ने तलाक ले लिया। सान्या के बाद अब प्रतीक को प्रिया में अपना दूसरा प्यार मिल गया है।

# फराह खान की पार्टी में ऐसा क्या कर छा गयी सानिया मिर्जा की बहन

बिग बॉस16 कम्पलीट कर फराह खान द्वारा रखी गयी कंटेस्टेंट के लिए ग्रैंड पार्टी में बिग बॉस16 का मोस्टली हर एक कंटेस्टेंट एन्जॉय करने के लिए पार्टी में पहुंचा। और न सिर्फ कंटेस्टेंट बल्कि बॉलीवुड की भी कई बड़ी हस्तियां पार्टी में अपनी शिरकत देती नजर आयी। लेकिन पार्टी में आयी एक शख्स ने पार्टी की सारी लाइमलाइट चुरा ली, जिसमें



टेनिस स्टार सानिया मिर्जा की बहन अनम मिर्जा नजर आयी। बता दे कि सोशल मीडिया पर इन दोनों सिस्टर्स की तस्वीरें काफी तेजी से वायरल हो रही हैं। लेकिन फराह खान की इस ग्रैंड पार्टी में अनम मिर्जा ने पूरी लाइमलाइट बटोर ली इस दौरान अनम इतनी प्यारी लग रही थी कि सबका ध्यान बस उनकी ही ओर था। फराह की पार्टी में अनम मिर्जा ने ब्लू कलर की ड्रेस केरी की थी। जिसकी कुछ झलकियां पार्टी में आये सेलेब्रिटीज की शेयर की गयी तस्वीरो में देखने को मिला। अनम ने हुमा कुरैशी समेत अन्य मेहमानों के साथ खूब मस्ती की और कई पार्टी मोमेंटस को शेयर किया। भले ही सानिया मिर्जा की सिस्टर अनम मिर्जा ग्लैम लाइट की दुनिया से दूर रहती हैं लेकिन अनम अपने सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। अनम आये दिन अपनी जिन्दगी से जुडी कई तस्वीरें और वीडियोस को शेयर करती रहती हैं और बाय प्रोफेशन अनम एक फैशन इंफ्लुएंसर हैं, जो लोगों को फैशन टिप्स देती हैं। इसके अलावा वह फैशन से जुड़े ब्रांड एंडोर्समेंट भी करती हैं इस बारे में शायद ही बहुत काम लोग जानते होंगे की अनम ने दो शादियां रचाई हैं जिसमे उनकी पहली शादी हैदराबाद के एक बिजनेसमैन अकबर रशीद से हुई थी जिसके बाद कुछ आपसी मतभेदों के चलते दोनों का तलाक हो गया था, इसके बाद अनम ने जिन्दगी में आगे बढ़ते हुए साल 2019 में इंडियन क्रिकेटर मोहम्मद असदुद्दीन से शादी की थी जिसके बाद इन दोनों की कई तस्वीरें सामने आती रहती हैं दोनों अब माता-पिता भी बन चुके हैं, जिसकी घोषणा खुद अनम मिर्जा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये सबको की थी।

# सिद्धार्थ कियारा को मिला करण जौहर की 3 फिल्मों का ऑफर?

बॉलीवुड के नए नवेले दूल्हा- दुल्हन सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में कपल शादी कर मीडिया की लाइमलाइट में आ गया। शेरशाह कपल के सात फेरे लेते ही पूरी दुनिया की नजरें इनपर टिक गई। इनकी वेडिंग फोटोज और वीडियो ने खूब धमाल मचाया, जिसके बाद उनकी रिसेप्शन पार्टी भी बी-टाउन के सितारों से सजी रही। वहीं, हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने अपनी हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की। अब उन तस्वीरों पर भी इनके चाहने वाले अपना प्यार लुटा रहे हैं। इसी बीच सिद्धार्थ और कियारा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। इस खबर को सुनने के बाद कपल ही नहीं बल्कि उनके फैंस भी खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, हाल ही में इनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर कुछ रूमर्स सामने आई हैं। इन रिपोट्र्स को सुनकर आपको भी यही लगेगा कि सिद्धार्थ और कियारा की



लॉटरी लग गई है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि करण जौहर ने सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी को शादी का एक बड़ा तोहफा दिया है। प्रोड्यूसर ने तोहफे के रूप में सीड और कियारा को एक साथ अपनी 3 फिल्मों के लिए साइन कर लिया। अब करण जौहर के साथ ये 3 फिल्म की डील साइन करने की वजह से कपल सुर्खियों में छा गया। वहीं, खुद करण जौहर का अब इन खबरों पर रिएक्शन सामने आया है। इन रिपोट्र्स में कितनी सच्चाई है खुद करण ने बयां कर दिया है। कहा जा रहा है कि अब करण जौहर ने इन सभी खबरों को निराधार बताया है। मीडिया रिपोट्र्स की मानें तो सिद्धार्थ और कियारा ने करण जौहर के साथ फिलहाल कोई भी फिल्म साइन नहीं की है। दरअसल, सिद्धार्थ और कियारा- करण जौहर के बहुत करीब हैं। ऐसे में करण जौहर को उन्हें किसी कॉन्ट्रैक्ट में बांधने की जरूरत नहीं है। इतना ही नहीं करण के सिर्फ उनसे पूछने पर ही ये कपल उनकी फिल्म का हिस्सा बन जाएंगे। ऐसे में ये साफ हो गया है कि इन दोनों को तीन फिल्मों में साथ साइन करने वाले खबरें महज फेक न्यूज है। आपको बता दें, इस कपल ने शादी से पहले भी कभी करण जौहर के साथ पैसे या कॉन्ट्रैक्ट के बारे में बात नहीं की। तो वो अब ऐसा क्यों करेंगे? करण जौहर ने भी अब क्लियर कर दिया है कि ये झूठी खबरें हैं।

# उपनगर ग्वालियर का हो रहा है चहुँमुखी विकास: मंत्री तोमर

**ग्वालियर ।** उपनगर ग्वालियर के वार्ड 4 में बारहवे दिवस विकास यात्रा का शुभारंभ प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कोटेश्वर महादेव महाराज के दर्शन कर किया। उन्होंने कहा कि विकास यात्रा को प्रतिदिन आमजन का अपार सहयोग एवं आर्शीवाद मिल रहा है। विकास यात्रा के दौरान मंत्री तोमर ने विद्युत एवं नगर निगम के 3 करोड से अधिक के विभिन्न विकास कार्यो का भूमि पूजन एवं लोकार्पण भी किया।

विकास यात्रा कोटेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर घासमंडी पुलिस चौकी, शमशान रोड, चन्द्रनगर, इन्द्रा कॉलोनी, ओम नगर, बारह बीघा, ठाकुर मोहल्ला, 24 बीघा मेवाती मोहल्ला, सदाशिव नगर, गुरूनानक नगर व कुशवाह मोहल्ला पहुँची। इस दौरान आंगनवाडियों में मंत्री तोमर ने लाडली लक्ष्मी योजना के स्वीकृति पत्र वितरण किए। साथ ही विद्यालयों में पहुंचकर निरीक्षण कर



आवश्यक कार्य किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया और शिक्षकों का सम्मान भी किया। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनहितेषी योजनाओं के बारे में आमजन को अवगत कराया, जिससे वह उन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सकें। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि क्षेत्र का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। उपनगर की सभी प्रमुख सड़कों को फोरलेन रोड बनाने के साथ ही वार्डों में भी सड़कें को बनाई जा रही है। सीवर व पेयजल लाइनें डाली जा रही हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाते हुए प्रत्येक वार्ड के नजदीक ही संजीवनी क्लीनिक खोली जा रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सीएम राईज स्कूल के साथ ही स्मार्ट स्कूल भी बनाए जा रहे है। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रयाग तोमर, पार्षद श्रीमती रेखा चंदन राय, चंदू सेन, गुरूदयाल सिंह, ध्रुव गौतम, धर्मवीर राठौर सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# 350 बुजुर्गों को तीर्थ कराने स्पेशल ट्रेन जगन्नाथपुरी रवाना

प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बुजुर्गों को तीर्थ करा रही है। इस योजना के तहत गुरूवार को ग्वालियर से जगन्नाथपुरी तीर्थ के लिए स्पेशल रेलगाड़ी रवाना हुई। सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, लघु उद्योग विकास निगम की अध्यक्ष इमरती देवी, बीज एवं फॉर्म विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल व भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी ने हरी झण्डी दिखाकर तीर्थ दर्शन स्पेशल ट्रेन को रवाना किया। इस स्पेशल ट्रेन से ग्वालियर जिले के लगभग 350 बुजुर्ग तीर्थ करने गए हैं। तीर्थ के लिये रवाना करने से पहले सांसद शेजवलकर सहित अन्य अतिथियों ने बुजुर्गों का पुष्पाहारों से आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद हरी झण्डी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। बुजुर्गों के सहयोग के लिये जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों की एक टीम तीर्थ यात्रियों के साथ भेजी गई है। तीर्थ दर्शन स्पेशल ट्रेन को रवाना करते समय नगर निगम के पार्षदगण तथा सर्वश्री कमल माखीजानी व दीपक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएँ त्यौहार: कलेक्टर

**ग्वालियर।** महाशिवरात्रि, रंगों का त्यौहार होली, शब-ए-बारात, गु?ी पड़वा, चैती चाँद, रामनवमी, महावीर जयंती, अम्बेडकर जयंती व बैसाखी इत्यादि त्यौहार शांति, सदभाव एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील जिला शांति समिति द्वारा की गई है। शांति समिति की बैठक कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित सांघी की मौजूदगी में गुरूवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने शांति समिति से धार्मिक आयोजन के दौरान आम नागरिकों की सुविधाओं व शहर की व्यवस्थाओं को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील भी शहरवासियों से की है। शांति समिति के सदस्यगण भी अपने-अपने क्षेत्र में व्यवस्थाएँ बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभायेंगे। शांति समिति ने जिले वासियों से आग्रह किया है कि होलिका दहन में पूरी सावधानी बरतें अर्थात डाम्बरीकृत सड़क, बिजली, टेलीफोन व केबिल बायर के नीचे होलिका दहन न करें। होली त्यौहार पर प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करने पर भी शांति समिति ने विशेष बल दिया है। कलेक्टर सिंह ने इन सभी त्यौहारों पर पानी,



बिजली व साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि इन त्यौहारों के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो। कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने समिति को भरोसा दिलाया कि होलिका पर्व सहित अन्य सभी त्यौहारों पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये एहतियात के तौर पर पुख्ता इंतजाम रखे जायेंगे। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को सख्ती से रोका जायेगा। त्यौहार के समय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों, अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में दोनों त्यौहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। गुरूवार को कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अमित सांघी की मौजदगी में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल, एडीएम एच बी शर्मा एवं पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारियों सहित शांति समिति के सदस्यगण और विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की प्रथम बैठक में शांति समिति के सभी सदस्यों ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर कलेक्टर का स्वागत किया। सभी सदस्यों ने बताया कि ग्वालियर जिले में सभी त्यौहार शांति और सदभाव के साथ मनाए जाते हैं। समिति के सभी सदस्य त्यौहारों में प्रशासन को हर संभव सहयोग प्रदान करते हैं।

# बंजर जमीन पर जैविक खाद का उपयोग कर बनाया सिटी फारेस्ट

खराब पड़ी बंजर भूमि को भी जैविक खाद के उपयोग से हरा-भरा करने का कार्य ग्वालियर की गौशाला की भूमि पर हुआ है। लैदर फैक्ट्री की जमीन जिस पर कैमिकल के उपयोग से जमीन की उपजाऊ क्षमता खत्म हो गई थी, उसी भूमि को मेहनत और जैविक खेती से हरा-भरा कर पूरा जंगल ही खड़ा कर दिया है। नगर निगम की लालटिपारा स्थित आदर्श गौशाला बनने से पहले जहां दो दशक तक लेदर फैक्ट्री संचालित होती थी। इस फैक्ट्री में उपयोग किए गए कैमिकलों के कारण यहां की जमीन बंजर हो चुकी थी। इसके बाद यहां पर लालटिपारा आदर्श गौशाला को बनाया गया । लेकिन यहां पर अनेकों बार पौधरोपण का प्रयास किया गया, लेकिन कैमिकलों के उपयोग के कारण बंजर जमीन पर पौधे नहीं पनप सके। इसके बाद संतो के मार्गदर्शन में इस जमीन पर गायों के गोबर से बनी खाद डालकर इसे उपजाउ बनाया गया। इसके बाद अब यहां रोपे गए 5000 से अधिक पौधे पेडों का रूप ले चुके हैं। नगर निगम द्वारा संचालित की जाने वाले लालटिपारा स्थित आदर्श गौशाला में 7000 से अधिक निराश्रित गौवंश रहता है। पहले यहां पर कैमिकलों के उपयोग के कारण जमीन पूर्णरूप से बंजर हो चुकी थी। इसके कारण अनेकों



बार पौधरोपण का प्रयास किया गया लेकिन हर बार पौधे मर जाते थे। इसके बाद कोरोनकाल में संत श्रृषभानंद महाराज के मार्गदर्शन में यहां पर गोबर गैस प्लांट से निकलने वाली जैविक खाद का उपयोग किया गया। इस खाद को मिट्टी में कई बार मिलाकर उपजाउ बनाया गया। इसके बाद यहां पर मियावाकी पद्धति से पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के लिए स्थानीय एवं आयुर्वेदिक पौधों का चयन किया गया। अब यह पौधे पेड बन चुके हैं और यहां पर स्थानीय एवं गौशाला में आने वाले भक्तगण सैर करते हैं।



# लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर का मिशन 50000 पूर्ण

लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर का वर्ष 2022 - 23 के लिए जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन कराने का मिशन 50000 सफलता के साथ पूर्ण कर लिया गया। कार्यक्रम के समन्वयक लायन राघवेंद्र अवस्थी को इस मिशन के पूर्ण होने पर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम संयोजकों लायन सुनील गोयल कोठी वाले, लायन परमजीत सिंह खाम्बा और सभी दिवस के संयोजकों को आभार भो ज्ञापित किया गया। ज्ञात हो लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर में अपने वार्षिक परियोजना में गरीब और निराश्रित जरूरतमंद मरीजो के परिजनों को जिनके मरीज हॉस्पिटल के विभिन्न विभाग में भर्ती हैं, उन्हें निशुल्क भोजन प्रदान करने का निश्चय लिया था जिसे मिशन 50000 का नाम दिया गया था। लायंस क्लब ग्वालियर ने 7 महीने में ही इस मिशन को पूर्ण कर लिया जो सफलता का सूचक है। पूर्व प्रांत पाल लायन भोजवानी, पूर्व प्रांत पाल जी डी लड्ढा, त्वरित पूर्व प्रांत पाल लायन सुनील गोयल एवं क्लब के सभी पूर्व अध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य और साधारण सदस्यों ने इस मिशन के पूर्ण होने पर शुभकामनाएं और बधाइयां प्रेषित की है आने वाले कार्यकारिणी सभा में बचे हुए वर्ष के लिए अलग से संकल्प लिया जाएगा। संभावना है कि मिशन 21000 लिया जा सकता है।

# जेसीआई ग्वालियर मेट्रो का शपथ ग्रहण समारोह एवं अवार्ड नाईट हुई

जेसीआई ग्वालियर मेट्रो द्वारा 21वा शपथ ग्रहण समारोह एवं अवार्ड नाईट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश एरन , गेस्ट ऑफ हॉनर मण्डल अध्यक्ष जेसी मनोज चौरसिया, मुख्य वक्ता के रूप में संस्थापक अध्यक्ष जेसी अनुपम तिवारी, शपथ विधि अधिकारी मंडल उपाध्यक्ष जेसी अमृता शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना कर किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अध्याय अध्यक्ष जेसी मनीष शर्मा द्वारा सभी मेम्बर को गिफ्ट देकर सम्मानित किया एवं अपनी वार्षिक रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत की। शपथ विधि अधिकारी मंडल उपाध्यक्ष जेसी अमृता शर्मा द्वारा अध्यक्ष जेसी विपिन अग्रवाल को शपथ ग्रहण कराई गई। साथ ही अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। जेसीआई ग्वालियर मेट्रो के अध्यक्ष 2022 जेसी मनीष शर्मा द्वारा अध्यक्ष जेसी विपिन अग्रवाल को गोल्डन कॉलर एवं अध्यक्षीय पिन प्रदान की गई। साथ ही सचिव



जेसी अतुल गर्ग एवं कोषाध्यक्ष जेसी विजय गोस्वामी को पिन प्रदान की गई। जेसिरेट रीना गोस्वामी ने जेसिरेट विंग के चेयर पर्सन की और जूनियर जेसी सार्थक अग्रवाल ने जेजे विंग के चैयरमैन की शपथ ली। मण्डल अध्यक्ष जेसी मनोज चौरसिया ने 14 नवीन सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई। इस कार्यक्रम में जॉन 6 के सम्मानीय सीनियर्स वरिष्ठगण एवं अन्य चैप्टर से पधारे अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पधारे हमारे सभी सीनियर्स को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन जेसी राजेंद्र शर्मा एवं जेसी रेट विंग की अध्यक्ष जैसी रेट रीना गोस्वामी द्वारा किया गया कार्यकारिणी की घोषणा पूर्व अध्यक्ष जैसी सुदर्शन शर्मा द्वारा की गई सभा में पूर्व अध्यक्ष जैसी संजीव निगोतिया,जेसी सुधीर त्रिपाठी मौजूद थे। सचिव जेसी अतुल गर्ग ने सभी का आभार वक्त किया ।

# उचित मूल्य की दुकान पर पात्रता पर्ची सूची के वाचन से खुश हुए लोग

**ग्वालियर।** विकास यात्रा को जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से ग्वालियर जिले में अभिनव पहल हुई है। जिस तरह ग्राम सभा में खसरा व बी-1 का वाचन कर ग्रामीणों को नामांतरण व अभिलेखों में सुधार की वस्तुस्थिति बताई जाती है, उसी तरह जिले की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से संबद्ध खाद्यान्न पात्रता पर्चीधारियों की सूची पड़कर सुनाई जा रही है। इससे राशन वितरण में पारदर्शिता आने के साथ-साथ जहाँ छूटे हुए पात्र परिवारों को योजना से जोड़ना आसान हुआ है। साथ ही जिनका नाम हाल ही में जुड़ा है वे भी अपना नाम सुनकर राशन लेने आ रहे हैं।

बारहवे दिन जब विकास यात्रा जिले की डबरा नगर पालिका के वार्ड-6 स्थित अमरपुरा पहुँची तो खाद्य विभाग के अधिकारी ने यहाँ की उचित मूल्य की दुकान से जुड़े पात्रता पर्चीधारी परिवारों की पूरी सूची स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में पड़कर सुनाई। लोगों को बताया गया कि पात्रता सूची में पहला नाम श्रीमती रेवती बघेल का है, इनके परिवार में फलां-फलां सदस्य हैं। इसी तरह अनुसूचित जाति के श्री कमलेश जाटव, निर्माण श्रमिक श्रीमती मुन्नी बाई और गरीबी रेखा के नीचे जिंदगी बसर कर रहीं श्रीमती ममता जाटव के परिवार में शामिल सदस्यों के नामों का वाचन विकास यात्रा के दौरान किया गया। इसी तरह ग्राम जौरासी में विकास यात्रा के दौरान हुए जनसंवाद के



दौरान पात्रता पर्ची की सूची पड़कर सुनाई गई। इस अभिनव पहल से अमरपुरावासी काफी खुश नजर आए। यहाँ निवासरत सुरेश का कहना था कि सरकार वास्तव में पूरी पारदर्शिता के साथ जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क राशन मुहैया करा रही है। पात्रता पर्ची वाले परिवारों की सूची का वाचन कराने की पहल कर जिला प्रशासन ने सही कदम उठाया है।

# संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ: सुप्रसिद्ध भागवताचार्य



गेंडे वाली सड़क पर कृष्ण मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सातवे दिन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. श्री घनश्याम शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण के सामान कोई सहनशील नही है। क्रोध हमेशा मनुष्य के लिए कष्टकारी होता है मनुष्य स्वंय को भगवान बनाने के बजाय प्रभु का दास बनने का प्रयास करें, क्योंकि भक्ति भाव देख कर जब प्रभु में वात्सल्य जागता है तो वे सब कुछ छोड़ कर अपने भक्तरूपी संतान के पास दौड़े चले आते हैं। गृहस्थ जीवन में मनुष्य तनाव में जीता है, जब कि संत सद्भाव में जीता है। यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ। संतोष सबसे बड़ा धन है। शास्त्री जी ने बताया कि जीवन में कितनी भी विकट परिस्थिति क्यों न आ जाए मुनष्य को अपना धर्म व संस्कार नहीं छोड़ना चाहिए जिसकी भगवान के चरणों मआगे कथावाचक पं.घनश्याम शास्त्री जी ने कथा के दौरान श्रीकृष्ण एवं सुदामा की मित्रता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सुदामा के आने की खबर पाकर किस प्रकार श्रीकृष्ण दौड़ते हुए दरवाजे तक गए थे। ÷पानी परात को हाथ छूवो नाहीं, नैनन के जल से पग धोये।÷ श्र? कृष्ण ण अपने बाल सखा सुदामा की आवभगत में इतने विभोर हो गए के द्वारका के नाथ हाथ जो?कर और अंग लिपटाकर जल भरे नेत्रों से सुदामा का हालचाल पूछने लगे। उन्होंने बताया कि इस प्रसंग से हमें यह शिक्षा मिलती है कि मित्रता में कभी धन दौलत आड़े नहीं आती हैं कथा परीक्षित अशोक सुनीता देवी, माधव बाल निकेतन के चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव, अध्यक्ष पवन भटनागर विजलक्ष्मी भटनागर सीमा सक्सेना तोषी भटनागर रुचि गुप्ता हरिओम शर्मा ने भागवत पुराण की आरती की ।

## भगवान की बाल लीलाओं की कथा सुनकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धाल, 150 दिव्यांगों के बने कृत्रिम अंग

ग्वालियर। श्रद्धेय गुरुवाणी सेवा ट्रस्ट और लॉयंस क्लब ऑफ ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में फूलबाग मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा एवं निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में पांचवे दिन भगवान बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा व्यास ने पूतना वध, सक्तासुर वध, माखन चोरी, यमलार्जुन उद्धार, वृंदावन वास,गोपी, चीर हरण सहित गोबर्धन की उत्पत्ति और पूजन के प्रसंगों की कथा का श्रवण कराया। कथा व्यास संत श्रीगोपाल दास महाराज ने कहा कि नटखट गोपाल अपनी मर्जी से माखन चोरी नहीं करते थे उसके पीछे ब?ा रहस्य होता था। एक बार सभी देवताओं ने मिलकर बाल गोपाल से कहा कि हमें आपके घर पर माखन खाना है। तो भगवान ने कहा कि मैं माँ से मांगूगा तो वह देगी नहीं इसलिए मैं मटकी फोड़ दिया करूंगा आप सभी आकर खा जाया करो। यदि भगवान माखन चोरी नहीं करते तो कुबेर के पुत्र जो वृक्ष बने थे उनका उद्धार कैसे होता।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478